RNI NO.- MPBIL/2020/79198

# उद्घोष समय

वर्ष 05 अंक 86 | सतना, सोमवार 15 सितंबर , 2025 | पृष्ठः 4, मूल्यः 1 रूपए

# भगवान श्रीकृष्ण की लीला स्थलों पर हम बना रहे हैं श्रीकृष्ण पाथेय तीर्थ : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## तीन सौ से अधिक सांदीपनि विद्यालयों के जरिए हमारी सरकार दे रही गुरुकुल शिक्षा पद्धति को प्रोत्साहन

**भोपाल एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। हमारे पूर्वजों ने लोकतंत्र रूपी पौधे की जड़ों को इतनी खूबसूरती से सींचा है कि अब यह विशाल वटवृक्ष बन चुका है। भगवान श्रीकृष्ण सच्चे अर्थों में लोकतांत्रिक व्यवस्था के पक्षधर थे। उन्होंने अपने राजकाज में लोकतांत्रिक मूल्यों और सभी के विचारों को महत्व दिया। हमारी सरकार भगवान श्रीकृष्ण के बताए मार्ग पर ही चल रही है। उनके विचार हमारे लिए अमूल्य पूंजी और हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भगवान श्रीकृष्ण की स्मृतियों को चिरस्थाई बनाने के लिए मध्यप्रदेश एवं देश में उनकी लीला स्थलों को चिन्हित कर श्रीकृष्ण पाथेय विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। श्रीकृष्ण के लीला स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है।
मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को पटना (बिहार) में भगवान श्रीकृष्ण के विचारों का जन समरस %सांस्कृतिक सम्मेलन% को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने यहां अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर की बिहार इकाई द्वारा आयोजित नियमित समाज सुधार श्रृंखला में भी सहभागिता की और समाज सुधार की दिशा में अपने विचार व्यक्त किए।
मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सांस्कृतिक सम्मेलन में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण यदुकुल के महान गौरव हैं। वे योगीराज थे। सभी ललित कलाओं में निपूण थे। उन्होंने मात्र 11 साल की उम्र में कंस जैसे शक्तिशाली एवं आततायी राजा से युद्ध कर तत्समय लोकतंत्र के मूल्यों की रक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व को गीता का ज्ञान देने वाले भगवान श्रीकृष्ण के सम्मान में हमारी सरकार मध्यप्रदेश के हर नगरीय निकायों में गीता भवनों का निर्माण करने जा रही है। भगवान श्रीकृष्ण के गुरु सांदीपनि के नाम पर हम मध्यप्रदेश में 300 से अधिक स्थानों पर सांदीपनि विद्यालयों की स्थापना कर गुरुकुल शिक्षा पद्धति को प्रोत्साहित कर रहे हैं।
मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पाटलिपुत्र (पटना) और अवन्तिका (उज्जैन) देश के सबसे पुराने नगर हैं। कभी पाटलिपुत्र में सम्राट, तो अन्वतिका (उज्जैन) में युवराज विराजते थे। बौद्ध धर्म के विचारों का प्रवाह बिहार से ही पूरे विश्व में फैला। इस मायने में बिहार ने पूरे विश्व को शांति, अहिंसा और सामाजिक सद्भावना की दिशा दी है। उन्होंने कहा कि भारत की मूल पहचान हमारी समृद्ध संस्कृति है। यदि आप विदेश में भारत का नाम लिए बगैर सिर्फ इतना कह दें कि आप राम-कृष्ण-बुद्ध की धरती से आएं हैं, तो भी विदेशी यह समझ जाएंगे कि हम भारतीय हैं। यही हमारी मूल पहचान है। उन्होंने कहा कि भगवान गोपाल श्रीकृष्ण की इस पावन धरती पर हम अपनी संस्कृति, अपने मूल्यों और अपने विचारों पर दृढ़ता से आगे बढ़ें, यही हमारा संकल्प होना चाहिए।
मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बिहार राज्य के नागरिकों को मध्यप्रदेश आने का आमंत्रण देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने हमारे प्रदेश में अपना बाल्यकाल बिताया। यहीं सांदीपनि आश्रम में उनकी शिक्षा-दीक्षा हुई। श्रीकृष्ण-सुदामा की अजर-अमर दोस्ती की नींव भी यहीं पड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में हम परम सौभाग्यशाली हैं कि मध्यप्रदेश के कण-कण में भगवान श्रीकृष्ण की स्मृतियां और उनकी लीलाएं समाई हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सबका समग्र विकास ही लोक कल्याणकारी राज्य का मूल उद्देश्य है। यह शासन का लक्ष्य भी है और कर्तव्य भी। सबके विकास की चिंता कर शासन की सुव्यवस्था (सुशासन) के जरिए हर जरूरतमंद को सरकार की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ दिलाने के लिए मध्यप्रदेश तेजी से अग्रसर है। हम विरासत से विकास की अवधारणा को हृदय से आत्मसात कर देश के विकास में योगदान के लिए समर्पित हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन एवं भगवान श्रीकृष्ण का पूजन कर सांस्कृतिक सम्मेलन का शुभारंभ किया। सम्मेलन में बिहार राज्य के विधानसभा अध्यक्ष श्री नंदकिशोर यादव, छत्तीसगढ़ राज्य के मंत्री श्री हरिलाल यादव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री रामप्रकाश यादव, श्री गजेन्द्र यादव, श्री हंसराज यादव, अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांस्कृतिक सम्मेलन के सूत्रधार डॉ. अशोक यादव सहित बड़ी संख्या में यादव समाजजन उपस्थित थे।

## नेपाल में हुई हिंसा में मौतों का आंकड़ा पहुंचा 72, अंतरिम पीएम ने मारे गए लोगों को घोषित किया शहीद



**नई दिल्ली एजेंसी।** नेपाल में भ्रष्टाचार और आर्थिक असमानता के खिलाफ भड़केजेन-जेड प्रदर्शनों में अब तक 72 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 59 प्रदर्शनकारी, तीन पुलिसकर्मी और 10 कैदी शामिल हैं, जो जेल से भागने की कोशिश कर रहे थे। हालात बिगड़ने के बीच देश की पहली महिला अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने एलान किया कि इन मृतकों को 'शहीद' का दर्जा दिया जाएगा और उनके परिवारों को 10 लाख नेपाली रुपये की मुआवजा राशि दी जाएगी।
नव नियुक्त अंतरिम प्रधानमंत्री कार्की ने अपने कार्यभार संभालने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 8 सितंबर को जिनकी मौत हुई है, उन्हें आधिकारिक तौर पर 'शहीद' कहा जाएगा। उन्होंने बताया कि घायलों का पूरा इलाज सरकार कराएगी और उन्हें भी आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके अलावा सरकार शवों को काठमांडू से उनके जिलों तक पहुंचाने की व्यवस्था करेगी। मुआवजा और पुनर्निर्माण की योजना कार्की ने यह भी कहा कि जिनकी निजी संपत्तियां प्रदर्शन के दौरान जलाई गई हैं, उन्हें भी मदद दी जाएगी। सरकार उन्हें आसान शर्तों पर ऋण या अन्य उपायों के जरिए राहत देगी। उन्होंने साफ किया कि तोड़फोड़ और आगजनी में शामिल लोगों की जांच की जाएगी और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी।
73 वर्षीय कार्की ने स्पष्ट किया कि अंतरिम सरकार केवल छह महीने के लिए है और इसका मकसद सत्ता का स्वाद लेना नहीं बल्कि हालात को सामान्य करना है। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान केवल भ्रष्टाचार की जांच, व्यवस्था सुधार और जनता के विश्वास को बहाल करने पर होगा।

### विरोध प्रदर्शन की पृष्ठभूमि

नेपाल में यह आंदोलन तब शुरू हुआ जब सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगा दिया। इस कदम ने पहले से मौजूद भ्रष्टाचार और बेरोजगारी से गुस्साए युवाओं को सड़कों पर ला दिया। 'युवा पीढ़ी का आंदोलन' देश में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर हुआ, जिसमें मुख्य मांग आर्थिक समानता और भ्रष्टाचार उन्मूलन की थी।

### नेपाल की पहली महिला पीएम

गौरतलब है कि सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी हैं। वे पहले नेपाल की मुख्य न्यायाधीश भी रह चुकी हैं। उनका कहना है कि इस आंदोलन ने देश की राजनीति और समाज के सामने नई चुनौतियां रखी हैं और सरकार का कर्तव्य है कि इनसे निपटकर जनता को राहत पहुंचाए।

## मेक इन असम और मेक इन इंडिया की नींव मजबूत हो रही है : पीएम मोदी

### अब असम में बांस से बनेगा एथेनॉल, पीएम मोदी बोले- आत्मनिर्भर भारत अभियान का केंद्र है पूर्वोत्तर

**गुवाहाटी एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम में नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) में असम बायो एथेनॉल संयंत्र का उद्घाटन किया और नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) में पॉलीप्रोपाइलीन संयंत्र की आधारशिला भी रखी। पीएम मोदी ने कहा कि आज यहां बांस से एथेनॉल बनाने की शुरुआत हुई है। इसका असम के लोगों को फायदा होगा। सरकार यहां के किसानों को बांस की खेती करने में मदद करेगी और खरीदी भी करेगी। असम और पूर्वोत्तर आत्मनिर्भर भारत अभियान का केंद्र है।
पीएम मोदी ने कहा कि असम में पीएम मोदी ने कहा कि असम को 12 हजार करोड़ की सौगात दी गई है। ये उद्यम असम के विकास को गति देंगे। मैं सभी को प्रोजेक्ट्स के लिए बधाई देता हूं। भारत दुनिया का सबसे तेजी से विकसित होने वाला देश है। जैसे-जैसे भारत विकसित हो रहा है, वैसे-वैसे बिजली, ईंधन की जरूरतें बढ़ रही हैं। हम इन चीजों के लिए विदेशों पर निर्भर रहे हैं। हमारे पैसों से विदेशों में रोजगार बनते हैं। इसको बदला जाना जरूरी है। भारत आत्मनिर्भर बनने की राह पर बढ़ चला है।
उन्होंने कहा कि वो दिन भूलने नहीं है कि पिछली सरकार बांस काटने पर जेल में डाल देती थी। बांस आदिवासियों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा है। हमारी सरकार से बांस काटने से बैन हटा दिया। आज यह फैसला पूर्वोत्तर के लोगों को फायदा पहुंचा रहा है। मेक इन असम और मेक इन इंडिया की नींव मजबूत होने वाली है। अब असम की पहचान में पॉलीप्रोपाइलीन से बने उत्पाद होंगे। असम आत्मनिर्भर भारत अभियान का केंद्र है। असम को हमने बहुत बड़े अभियान के लिए चुना है। यह अभियान है सेमी कंडक्टर मिशन। उन्होंने कहा कि गुलामी के दौर में असम की उतनी पहचान नहीं थी। अब असम की मिट्टी और लोगों ने असम को ग्लोबल ब्रांड बना दिया है। भारत को आत्मनिर्भर होने के लिए ऊर्जा और सेमीकंडक्टर चाहिए। असम की इसमें बड़ी भूमिका है। आज हर इलेक्ट्रॉनिक चीज की आत्मा छोटी चिप में होती है। यह चिप भारत में ही बनेगी। सेमी कंडक्टर का बड़ा आधार असम को बनाया है। असम में 27 हजार करोड़ से प्रोजेक्ट बन रहा है। कांग्रेस ने असम में कई दशकों तक सरकार चलाई है। कांग्रेस ने असम को कुछ नहीं दिया।



### भाजपा असम को विकास और विरासत से समृद्ध बना रही

पीएम मोदी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा असम को विकास और विरासत से समृद्ध बना रही है। असम की भाजपा सरकार नई शिक्षा नीति लागू कर रही है। कांग्रेस ने पूर्वोत्तर के महान सपूतों को सम्मान नहीं दिया। कांग्रेस ने कभी योद्धाओं को सम्मान नहीं दिया। भाजपा ने इनको सम्मान दिया। कांग्रेस ने जिसकी उपेक्षा की हम उसे अग्रिम पंक्ति में लेकर चल रहे हैं। असम में हमारी सरकार मां कामाख्या कॉरिडोर बना रही है। अब असम में पर्यटन का दायरा बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने घुसपैठ का मुद्दा उठाते हुए कहा कि असम के सामने सबसे बड़ी चुनौती घुसपैठ है। कांग्रेस ने असम में घुसपैठ को बढ़ावा दिया है। आदिवासियों की जमीनें घुसपैठियों को दे दी गई। भाजपा सरकार असम के लोगों के साथ मिलकर घुसपैठियों का मुकाबला कर रही है। घुसपैठियों से जमीन मुक्त करा रही है। आदिवासियों और लाखों परिवारों को भूमि के पट्टे दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनजातियों के साथ हुए अन्याय को भाजपा खत्म कर रही है। हमारा मंत्र नागरिक सेवो भव-है। असम में गरीबों को ठुकराया गया। क्योंकि कांग्रेस का काम एक वर्ग से हो जाता था। भाजपा तुष्टीकरण नहीं संतुष्टिकरण पर जोर देती है। असम में 20 लाख पक्के घर गरीबों को मिल चुके हैं। घर-घर जल पहुंचाने का काम तेजी से चल रहा है। चाय बागान में काम करने वाले श्रमिकों को हम मदद दे रहे हैं। स्वास्थ्य और शिक्षा पर हमारा जोर है। कांग्रेस के समय में चाय बागान श्रमिकों को फैक्टरी प्रबंधन के भरोसे छोड़ दिया गया। अब भाजपा ने इसे दूर कर दिया है।

## अब आतंकी हमला हुआ तो पाकिस्तान को देंगे और कड़ा जवाब : भारतीय सेना

### भारतीय सेना बोली- ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी

**नई दिल्ली एजेंसी।** 'ऑपरेशन सिंदूर जारी होने का जिक्र करते हुए पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कटियार ने शनिवार को कहा कि अगर पाकिस्तान या उसके द्वारा समर्थित आतंकवादी संगठन फिर से कोई आतंकवादी हमला करते हैं तो इस बार हमारा जवाब पहले से भी अधिक कठोर होगा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर न केवल एक लड़ाई थी, बल्कि पाकिस्तान की किसी भी शत्रुतापूर्ण कोशिश का मुकाबला करने की हमारी तैयारी भी थी। हमारी तैयारी अब भी जारी है। साल 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में विजय की हीरक जयंती समारोह के अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने कहा कि 10 मई को संघर्षविराम के बाद जमीनी स्तर पर स्थिति शांत है। वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने आशा व्यक्त की कि पाकिस्तान फिर से कोई दुस्साहस नहीं करेगा।

### करारा जवाब देने के अलावा कोई विकल्प नहीं

उन्होंने कहा कि लेकिन, हमें इस पर पूरा भरोसा नहीं है। हमें लगता है कि पाकिस्तान या आतंकी संगठन फिर से कोई आतंकवादी हमला कर सकते हैं, ऐसे में हमारे पास



करारा जवाब देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। हमने स्पष्ट रूप से कहा है कि इस बार हमारा जवाब पहले से भी ज्यादा कड़ा होगा। इसके लिए हमारा ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है।

### पहलगाम आतंकी हमले का मकसद खतरनाक

लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले का मुख्य उद्देश्य जम्मू-कश्मीर में हालात बिगाड़ना था। उन्होंने कहा कि जिस तरह से यह आतंकवादी हमला हुआ, चुन-चुन कर हत्याएं हुई, उसका एक और मकसद भारत में सांप्रदायिकता को भड़काना था। यह हमारे लिए एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश भारत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता रहेगा।

## सबकी भविष्यवाणियां हुईं गलत, भारत विकास पथ पर आगे बढ़ रहा : मोहन भागवत

**नई दिल्ली एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि भारत सबकी भविष्यवाणियों को गलत साबित करके विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है। इंदौर में एक पुस्तक विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब भारत 3,000 वर्षों तक विश्वगुरु था, तब कोई वैश्विक संघर्ष नहीं था।
उन्होंने आगे कहा कि दुनिया में संघर्षों के लिए व्यक्तिगत हित ही जिम्मेदार हैं, जिन्होंने सभी समस्याओं को जन्म दिया। पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल का जिक्र करते हुए भागवत ने कहा कि ब्रिटिश शासन समाप्त होने के बाद भी भारत एकजुट रहकर उन्हें गलत साबित कर दिया। उन्होंने कहा कि÷विंस्टन चर्चिल ने एक बार कहा था कि (ब्रिटिश शासन से) आजादी के बाद, आप (भारत) जीवित नहीं रह पाएंगे और विभाजित हो जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अब इंग्लैंड खुद विभाजन की



स्थिति में आ रहा है, लेकिन हम विभाजित नहीं होंगे। हम आगे बढ़ेंगे। उन्होंने आगे कहा, ÷हम एक बार विभाजित थे, लेकिन हम उसे फिर से एकजुट करेंगे।÷ उन्होंने कहा कि जहां दुनिया आस्था और विश्वास पर चलती है, वहीं भारत कर्म और तर्क से परिपूर्ण आस्था की भूमि है। भागवत ने आगे कहा, ÷हम सभी जीवन रूपी नाटक में अभिनेता हैं और हमें अपनी भूमिकाएं निभानी हैं, और नाटक समाप्त होने पर हमारा वास्तविक स्वरूप प्रकट होता है।उन्होंने कहा कि भारत में जो आस्था विद्यमान है, वह प्रत्यक्ष अनुभूति (ज्ञान) और प्रमाण पर आधारित है। मोहन भागवत ने कहा कि निजी स्वार्थों के कारण ही दुनिया में संघर्ष चलते हैं और सारी समस्याएं हैं। भारत में जो श्रद्धा है, वह प्रत्यक्ष प्रतीति (ज्ञान) और प्रमाणों पर आधारित है। मोहन भागवत ने कहा कि नर्मदा नदी की परिक्रमा सर्वत्र श्रद्धा का विषय है। हमारा देश श्रद्धा का देश है। यहां कर्मवीर भी हैं और तर्कवीर भी हैं।

## भारत-पाकिस्तान मैच पर भड़की शिवसेना यूबीटी का जोरदार प्रदर्शन, बीसीसीआई और आईसीसी पर भी उठाए सवाल



**नई दिल्ली एजेंसी।** एशिया कप 2025 में भारत-पाकिस्तान मुकाबले से पहले राजनीतिक और सामाजिक हलकों में तीखी बहस छिड़ गई है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत ने इसे शहीदों के अपमान से जोड़ते हुए कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि जब पहलगाम आतंकी हमले में हिंदू होने पर लोगों को मौत के घाट उतारा गया, 26 महिलाएं विधवा हो गई, तब क्या पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलना सही है? उन्होंने सवाल उठाया कि क्या शहीद शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशान्या द्विवेदी की पीड़ा देखकर भी हम पाकिस्तान से खेलेंगे? सावंत ने कहा कि शिवसेना की महिला शाखा ने तय किया है कि वे अपना सिंदूर इकट्ठा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपेंगी, ताकि यह संदेश दिया जा सके कि शहादत की आंच को अनदेखा कर क्रिकेट नहीं खेला जा सकता। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ किसी भी स्तर पर दोस्ताना व्यवहार देश के शहीदों की शहादत के खिलाफ है। इसी कड़ी में शिवसेना नेता संजय निरुपम ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के रिश्ते हमेशा कड़वाहट भरे रहे हैं। पाकिस्तान की विदेश नीति हमेशा भारत को नुकसान पहुंचाने की रही है। उसने आतंकियों को पनाह दी, उन्हें फंडिंग दी और निर्दोष भारतीयों पर हमले करवाए। निरुपम ने स्पष्ट कहा कि खेल, संस्कृति या कूटनीति किसी भी स्तर पर पाकिस्तान से संबंध नहीं होने चाहिए। निरुपम ने हालांकि यह भी कहा कि बीसीसीआई और आईसीसी का तर्क है कि भारत ने पाकिस्तान से द्विपक्षीय मैच रोकने का फैसला लिया है, लेकिन बहुपक्षीय टूर्नामेंटों में भारत का बहिष्कार टीम को नुकसान पहुंचा सकता है। इसके बावजूद उन्होंने जोर देकर कहा कि जब बात देश की भावनाओं की आती है, तो ऐसे मैचों का विरोध करना जरूरी है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी भी इस मुद्दे पर आक्रामक हो गई है।

## वित्त मंत्री बोलीं- शीतकालीन सत्र में पेश हो सकता है बीमा संशोधन विधेयक



**नई दिल्ली एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा है कि बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति देने वाला बीमा संशोधन विधेयक संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में पेश किए जाने की संभावना है। जब उनसे पूछा गया कि क्या बीमा क्षेत्र में एफडीआई को और उदार बनाने वाला विधेयक आगामी शीतकालीन सत्र में संसद में पेश किया जा सकता है? इस पर उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है। वित्त मंत्री ने इस साल के बजट भाषण में, नई पीढ़ी के वित्तीय क्षेत्र सुधारों के तहत बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा को मौजूदा के 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा, यह बढ़ी हुई सीमा उन कंपनियों के लिए उपलब्ध होगी जो अपना पूरा प्रीमियम भारत में निवेश करती हैं। विदेशी निवेश से जुड़ी मौजूदा सुरक्षा और शर्तों की समीक्षा की जाएगी और उन्हें सरल बनाया जाएगा। वित्त मंत्रालय ने बीमा अधिनियम, 1938 के विभिन्न प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव रखा है, जिसमें बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को बढ़ाकर 100 प्रतिशत करना, चुकता पूंजी में कमी और एक समग्र लाइसेंस का प्रावधान शामिल है। एक व्यापक विधायी प्रक्रिया के तहत, जीवन बीमा निगम अधिनियम-1956 और बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम-1999 में बीमा अधिनियम-1938 के साथ-साथ संशोधन किया जाएगा। वर्तमान में, भारत में 25 जीवन बीमा कंपनियां और 34 गैर-जीवन या साधारण बीमा कंपनियां हैं, जिनमें एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड और ईसीजीसी लिमिटेड जैसी विशिष्ट साधारण बीमा कंपनियां शामिल हैं।

## दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ता से कारोबार हो जाएगा मुश्किल- लुटनिक

### 'अमेरिका से एक बोरी मक्का भी नहीं खरीदता भारत', ट्रंप के मंत्री हॉवर्ड लुटनिक के बयान में दिखी बेबसी

**नई दिल्ली एजेंसी।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने रविवार (14 सितंबर, 2025) को भारत की व्यापार नीतियों की तीखी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली वैश्विक वाणिज्य से लाभ तो उठाता है, लेकिन वह भारत के बाजार तक पहुंच को सीमित करता है।
लुटनिक ने कहा, 'भारत लगातार अपनी 140 करोड़ की जनसंख्या का जिक्र करता है, लेकिन जब अमेरिकी कृषि उत्पादों की बात आती है, तो वह इस मुद्दे पर किसी तरह का खुलापन नहीं दिखाता है। एक्सियोज को दिए



इंटरव्यू में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने कहा, 'भारत इस बात पर गर्व करता है कि उसके पास 140 करोड़ की आबादी है, तो फिर वे हमसे एक बोरी मक्का भी क्यों नहीं खरीदता है? वे हर चीज की टैरिफ लगाते हैं। तो या तो आप इसे स्वीकार करिए, वरना दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ता के साथ कारोबार करना आपके लिए मुश्किल हो जाएगा।'

### भारत की नीतियों पर अमेरिकी मंत्री ने जताई नाराजगी

अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव और बार-बार मुक्त-बाजार लोकतंत्र होने के दावों के बावजूद उसकी संरक्षणवादी नीतियों पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा, 'ये निष्पक्षता की बात है। अमेरिका भारतीय से बिना रोक-टोक के सामान खरीदता है, लेकिन जब हम बेचने की कोशिश करते हैं तो भारत दीवारें खड़ी कर देता हैं।'

### भारत के रूसी कच्चा तेल खरीदना वाशिंगटन के लिए बना संवेदनशील मुद्दा- लुटनिक

लुटनिक ने इस बात पर भी जोर देते हुए कहा कि भारत रूस से भारी मात्रा में कच्चे तेल का आयात कर रहा है, जो मॉस्को पर पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के बीच वाशिंगटन के लिए एक संवेदनशील मुद्दा बन गया है। हालांकि, उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि भारत को विकास के लिए सस्ती ऊर्जा की जरूरत है, लेकिन लुटनिक ने इस पर तर्क दिया कि ऐसे समझौते वैश्विक व्यापार कूटनीति में असंतुलन को उजागर करते हैं।

# अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही उजागर

## कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवान भरोसे, मरीज और परिजन बेहाल




**उमेश कुशवाहा- ब्यूरो सतना**
**उद्घोष समय सतना।** कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ष्ठाष्ट) इन दिनों अव्यवस्थाओं का शिकार बना हुआ है। हालात इतने खराब हैं कि अस्पताल आने वाले मरीज और उनके परिजन खुद बीमारियों का शिकार हो रहे हैं।

अस्पताल परिसर में ना तो साफ-सफाई का इंतजाम है, ना ही सही तरीके से पंखों की व्यवस्था। बेड पर चादर और सीट तक ठीक से उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। यही नहीं, अस्पताल परिसर पर आवारा कुत्तों और गोवंशों का कब्जा रहता है। सुरक्षा व्यवस्था न होने से ये जानवर सीधे ओपीडी तक में घूमते दिखाई देते हैं।

सबसे बड़ी समस्या पेयजल की है। पूरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की जलापूर्ति सिर्फ एक हैंडपंप पर निर्भर है, और उस हैंडपंप से निकलने वाला पानी पीने योग्य नहीं है। मजबूरी में मरीजों और उनके परिजनों को बाहर से पानी खरीदकर लाना पड़ रहा है। जबकि अस्पताल परिसर में वाटर कूलर और आरओ मशीनें लगी हुई हैं, लेकिन सभी शोपीस बनकर बंद पड़ी हैं।

कोठी ष्ठाष्ट प्रतिदिन 200 से 300 ओपीडी मरीजों और सैकड़ों भर्ती रोगियों का बोझ उठाता है। इसके अलावा आसपास के सैकड़ों गांवों से बड़ी संख्या में लोग इलाज कराने यहां आते हैं। बावजूद इसके पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधा भी उपलब्ध नहीं है।

इस संबंध में जब बीएमओ श्रीमती अल्का माहुले से बात की गई तो उन्होंने कहा ङ्क ÷इस समस्या को मैं जल्द ही दिखवाती हूं।÷ वहीं, स्थानीय निवासी संजू साहू ने बताया कि यहां मरीज से ज्यादा परेशान उसके परिजन हो जाते हैं। न पंखे हैं, न पीने का साफ पानी। हैंडपंप का पानी गंदा निकलता है और वाटर कूलर-आरओ बंद पड़े हैं।

# जशपुर प्रकृति और संस्कृति का है संगम –मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने कैम्प कार्यालय बगिया में जशपुर पर्यटन एवं कृषि क्रांति का किया गया शुभारंभ

**उद्घोष न्यूज़ नारायण प्रधान**




जशपुरनगर/ मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने रविवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया में पर्यटन एवं कृषि क्रांति का शुभारंभ किया। जशपुर पर्यटन एवं कृषि क्रांति इको टूरिज्म और होमस्टे से आत्मनिर्भरता की और बढ़ते कदम जशपुर के स्व सहायता समूह और किसानों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के श्री अर्जुन मुंडा,सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनि भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय कलेक्टर श्री रोहित व्यास एस एस पी श्री शशि मोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार, सुनील गुप्ता, मुकेश शर्मा जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने रविवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय जशपुर में कार्यकम को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ विकास के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास को चरितार्थ कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले में पर्यटन के क्षेत्र में कार्य करने वाले स्व सहायता समूह और युवाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नए दायित्वों और जिम्मेदारियों की वजह से अब ज्यादातर समय मुझे जशपुर से बाहर रहना पड़ता है लेकिन जशपुर निरंतर आता रहूंगा और विकास के क्षेत्र में बेहतर कार्य करते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद मैंने जशपुर जम्बूरी के जरिए जशपुर को पर्यटन के नक्शे पर नयी पहचान दिलाने की पहल की। साल 2024 में हुए जशपुर जम्बूरी में हमारे पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी संख्या में लोग हिस्सा लेने और उस अवसर का गवाह बनने पहुँचे थे। जशपुर जम्बूरी में हमने न सिर्फ ईको-टूरिज्म और एडवेंचर स्पोर्ट के लिए लोगों ने नया ठिकाना दिया, बल्कि जनजातीय परम्पराओं से भी रूबरू कराया।

सीएम श्री साय ने कहा कि सांस्कृतिक प्रदर्शन, स्थानीय व्यंजनों का मेला और जनजातीय नृत्यों ने पर्यटकों को आकर्षित किया, जिससे स्थानीय कारीगरों और गाइड्स को रोजगार मिला। अब एक बार फिर जशपुर जम्बूरी के नए सीजन का आयोजन हम करने जा रहे हैं। जिसमें आगामी 6 से 9 नवम्बर तक देश, दुनिया के लोग यहाँ पहुँचकर रोमांच, कला और सामुदायिक अनुभवों से परिचित हो पाएँगे। हमारी मिट्टी की खुशबू को जीवंत करने के लिए कर्मा, सरहुल जैसे जनजातीय नृत्य के साथ गोदना कला, काष्ट शिल्प और लौह शिल्प जैसे हस्तशिल्प की प्रदर्शनी और लोकनाट्य पर आधारित सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी। इससे न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और प्रसार होगा, बल्कि स्थानीय कला और हस्तशिल्प को वैश्विक पहचान भी मिलेगी। जशपुर जम्बूरी एक ऐसा उत्सव है जो प्रकृति, संस्कृति और विकास को एक सूत्र में पिरोता है। यह आयोजन जशपुर की प्राकृतिक सुंदरता, जनजातीय विरासत और आधुनिक विकास को एक साथ पेश करता है। जशपुर जंबूरी केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आर्थिक सशक्तीकरण का माध्यम है।

स्वदेश दर्शन योजना के तहत मयाली नेचर कैंप में बोटिंग, कैक्टस गार्डन और टेंट सुविधाएँ जोड़ी गई हैं।यहाँ के पर्यटक स्थल अब बेहतर सुविधाओं से सजे हैं, मयाली में सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग मधेश्वर पहाड़ को गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्जा मिला है जो जशपुर को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम टूरिज्म सेक्टर को एक उद्योग के रूप में देख रहे हैं, जिससे स्थानीय उद्यमशीलता बढ़ेगी। हमने होम-स्टे नीति लागू की है। बाहरी लोग जनजातीय संस्कृति को जानना-समझना चाहते हैं। उनके भीतर आदिवासी संस्कृति, परम्पराओं, उनके खान-पान, रहन-सहन को लेकर एक जिज्ञासा और उत्सुकता रहती है। ऐसे में होम-स्टे हमारे आदिवासी क्षेत्रों में विकास की नयी अवधारणा है, जिसमें स्थानीय समुदायों को रोजगार के बेहतर अवसर मिल रहा है। इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। जशपुर जम्बूरी जैसे उत्सव से स्थानीय होम-स्टे, गाइड्स और शिल्पकारों को सीधा लाभ होगा। जशपुर जम्बूरी को हम एक वार्षिक महोत्सव के रूप में स्थापित करना चाहते हैं, जिसमें अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए भी जशपुर आकर्षण का बड़ा केन्द्र बन पाए। जीआईएस (त्रद्बस्) मैपिंग और डिजिटल मार्केटिंग से जशपुर की पहुँच बढ़ेगी। यहाँ युवाओं और पर्यटन से जुड़े सभी लोगों को ट्रेनिंग दी जाएगी, ताकि वे वैश्विक मानकों पर खरे उतरें।

जशपुर जम्बूरी जैसे आयोजन निश्चित रूप से जशपुर को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनने में मददगार साबित होंगे।

आज जशपुर जम्बूरी के दूसरे सीजन की औपचारिक घोषणा के साथ ही हमारे अन्नदाता किसानों के लिए एक नयी पहल की शुरुआत की जा रही है।

# जशपुर में कृषि क्रांति लाने मुख्यमंत्री ने किसान कॉल सेंटर का किया शुभारम्भ

**उद्घोष न्यूज़ नारायण प्रधान**

**जशपुरनगर/** जिले के किसानों के हित में चलाई जाने वाले कृषि क्रांति अभियान अंतर्गत आज किसान कॉल सेंटर एग्रीबिड और बाजार व्यवस्था को सरल बनाने के उद्देश्य से क्यू आर कोड आधारित जी कॉम इंडिया का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा अपने बगिया स्थित निज निवास कार्यालय से किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा, सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय, विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खनिज संपदा, वन उत्पादों, कृषि उत्पादन एवं प्रसंस्करण की अपार संभावनाएं हैं। जिले में कृषि के साथ उद्यानिकी फसलों के लिए भी उपयुक्त वातावरण उपलब्ध है। वर्तमान में जिले में आम, लीची, नाशपाती के साथ चाय, टाऊ, कटहल जैसी फसलों का भी बहुतायत में उत्पादन हो रहा है। ऐसे में किसानों के पास बाजारों के विकल्प के ना होने से उन्हें औने पौने दामों में अपनी फसलों को मध्यस्तों को बेचना पड़ता था, ऐसे में क्यू आर कोड के माध्यम से सीधे उपार्जकों तक पहुंच एवं बेचने की व्यवस्था होने से जिले के किसान अब देश के किसी भी कोने में बैठे व्यक्ति को अपनी फसल को बेच सकेंगे, जिससे किसानों को अनावश्यक बिचौलियों, कोचियों जैसे मध्यस्तों से छुटकारा मिलेगा और उन्हें अपनी फसल का उचित मूल्य प्राप्त होगा। कॉल सेंटर से किसानों को विशेषज्ञों द्वारा किसी भी समस्या पर सहायता प्राप्त होगी। इन दोनों पहलों से कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा और किसानों को उचित मूल्य मिलने से किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि जिले में मत्स्यपालन एवं पशुपालन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसके तहत शासन द्वारा एनडीडीबी के साथ मिलकर दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए राज्य के 06 जिलों में पायलेट प्रोजेक्ट के तहत उत्तम किस्म के दुधारू पशुओं के वितरण के साथ ग्रामीणों को पशुपालन का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय ने कहा कि किसानों के लिए प्रारम्भ किया गया कॉल सेंटर जिले में कृषि के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा, किसानों को इसके दूरगामी परिणाम प्राप्त होंगे। किसान क्यूआर द्वारा अपनी फसलों का इच्छानुसार कीमत प्राप्त कर सकेंगे। विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनी भगत ने कहा कि जिले में नाशपाती, लीची के साथ कटहल की फसल भी बहुतायत में होती है। जिसके प्रसंस्करण और विकास के लिए जशपुर में विगत दिनों कटहल मेला भी आयोजित किया गया था। ऐसे में इन नवीन पहलों से किसान उत्पादन के साथ उचित मूल्य पर उत्पादों का निर्यात भी कर सकेंगे।

**किसानों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी**

किसानों को नवाचारी कृषि और कृषि के विकास हेतु प्रोत्साहित करने के लिए कृषि क्रांति एवं आत्मा योजनान्तर्गत 35 कृषकों के दल को रायपुर एवं दुर्ग के शैक्षणिक भ्रमण हेतु मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसमें कुनकुरी के 15 एवं कांसाबेल के 20 किसान शामिल हैं। यह किसान वहां जाकर वैज्ञानिक पद्धति से खेती और खाद्य प्रसंस्करण के विषय में जानकारी प्राप्त करेंगे, जिसे वे जिले में आकर अपना सकेंगे। बीएनआर सीड रायपुर एवं इंडस मेगा फूड पार्क रायपुर द्वारा इस भ्रमण में कृषकों को जानकारी प्रदान की जाएगी।

किसान कॉल सेंटर में 08069378107 नम्बर पर किसानों को मिलेगी सहायताइस किसान कॉल सेंटर के माध्यम से जिले के किसान खेती से जुड़े प्रश्नों एवं समास्याओं का समाधान विशेषज्ञों द्वारा प्राप्त कर पाएंगे। इसके लिए आज मुख्यमंत्री श्री साय के समक्ष जिला प्रशासन एवं एग्री बिड के मध्य एमओयू पर भी हस्ताक्षर किया गया। इस कॉल सेंटर से किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ योजना का लाभ लेने हेतु लोगों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा। इसके माध्यम से किसान अपनी समस्याओं को भी बिना किसी देरी के अधिकारियों तक पहुंचा सकेंगे, जिससे किसानों को उनकी छोटी छोटी समस्याओं का सीधा निराकरण प्राप्त हो सकेगा। इसके लिए 12 विशेषज्ञों का दल कार्य करेगा, जिसमें विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एवं अन्य कृषि विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो कॉल, मैसेज, व्हाट्सप्प द्वारा किसानों से जुड़ेंगे। किसानों को केवल कॉल सेंटर के नम्बर 08069378107 पर सम्पर्क करना होगा। वहीं जी कॉम इंडिया के क्यू आर कोड से देश के किसी भी कोने के क्रेता से जिले के किसान से सीधे संपर्क कर व्यापार कर पाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे इस अभियान से जिले के किसानों को स्थानीय मंडी पर निर्भर न रहते हुए पूरे देश की सभी मंडियों से संपर्क हो सकेगा। देश के किसी भी कोने में बैठे खरीददार ऐप के माध्यम से किसान के पास उपलब्ध उत्पाद की जानकारी प्राप्त करने के साथ साथ उनसे संपर्क कर व्यवसाय कर सकेंगे। इस ऐप के माध्यम से यदि किसी व्यक्तिगत किसान के पास उत्पाद की मात्रा उपलब्ध ना हो तो वह समुदाय के अपने साथी किसानों के पास उपलब्ध मात्रा को जोड़कर क्रेता को उपलब्ध करा सकते हैं, इससे सभी का सामूहिक विकास सुनिश्चित होगा। इस अभियान से किसानों को धान के साथ साथ उनकी तिलहन, दलहन, नगदी फसलों को घर बैठे उचित मूल्य प्राप्त होगा। किसान को केवल अपने पास उपलब्ध फसलों की मात्रा और उसकी जानकारी उपलब्ध करानी होगी।उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा जिले के किसानों के विकास के लिए कृषक क्रांति अभियान संचालन से लगातार किसानो को अपनी फसलों का उचित मूल्य प्राप्त हो रहा है और जिले में नवाचारी कृषि को बढ़ावा मिल रहा है। इसके लिए जिले में कृषि क्रांति अभियान क्रेता विक्रेता सम्मलेन, कटहल मेला, जशपुरिया जायका का भी आयोजन किया गया था एवं नवाचारी कृषि के अंतर्गत ड्रेगन फ्रूट की खेती, नाशपाती ग्रेडिंग मशीन की स्थापना आदि के साथ पडती भूमि विकास कार्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से बलरामपुर जिले से चयनित 26 अग्नि वीरों ने किया सौजन्य मुलाकात

## आपकी यह सफलता प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा- मुख्यमंत्री श्री साय*

**उद्घोष न्यूज़ नारायण प्रधान**



जशपुरनगर / मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से आज मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में बलरामपुर जिले से चयनित 26 अग्निवीरों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल आपके परिवार, गांव और जिले के लिए गर्व की बात है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निवीर योजना युवाओं को सेना में शामिल होकर देशसेवा करने का सुनहरा अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने चयनित युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और देशप्रेम की भावना से ही आप सफलता की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि आप जैसे युवा सेना में शामिल होकर सीमाओं की रक्षा करेंगे और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देंगे। अतिथि शिक्षक श्री सुदर्शन यादव और उनकी टीम द्वारा दिए गए निरूशुल्क सेना भर्ती प्रशिक्षण में 30 युवाओं में से 26 युवा अग्निवीर भर्ती में चयनित हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने उनके इस उल्लेखनीय प्रयास की सराहना की।

अग्निवीर में चयनित 26 युवा
पिंकू पैकरा, जिंदल, विकास पैकरा, प्रकाश सिंह, खेल साय, आर्यन, देव नंन्दन पन्ना, नरेन्द्र यादव, रंजीत केरकेट्टा, रमेश पैकरा
प्रियांशु, सनोज, निकिता नरसिंह, शशि किरण, सोहन लाल, महेन्द्र पैकरा, मिथलेश पैकरा, छोंटू, बज्जू पैकरा, पंकज, विवेक पैकरा, विधायक पैकरा, किशुन पैकरा, सोभनाथ पैकरा, अमित कुजूर और एंजेल लकड़ा।

## मुख्यमंत्री ने जशपुर जिला प्रशासन एवं विज्ञान भारती के मध्य समझौता ज्ञापन हस्तांतरित किया

**जशपुरनगर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री बगिया कैम्प कार्यालय में जिला प्रशासन एवं विज्ञान भारती के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन हस्तांतरित किया। इस समझौते का उद्देश्य जिले में विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना तथा उन्हें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जोड़ना है। इस पहल के अंतर्गत विद्यालयों में विज्ञान शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न अभिनव कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि विज्ञान भारती पूर्व से ही जिले में कई गतिविधियों में सहयोग कर रही है, जिनमें- ÷स्पेस ऑन व्हील÷ कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान का अनुभव कराना, विज्ञान क्लबों की स्थापना द्वारा विद्यार्थियों की जिज्ञासा और नवाचार को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थी विज्ञान मंथन जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी की ओर प्रेरित करना शामिल है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर कहा कि ÷यह समझौता जिले के विद्यार्थियों के लिए नए अवसर खोलेगा। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से लैस नई पीढ़ी ही आत्मनिर्भर भारत और विज्ञाननिष्ठ समाज की नींव रखेगी। जशपुर जिला प्रशासन एवं विज्ञान भारती का यह संयुक्त प्रयास न केवल विद्यालयी शिक्षा को सुदृढ़ करेगा, बल्कि विद्यार्थियों को विज्ञान एवं नवाचार की दुनिया में नई उड़ान भी देगा। इस दौरान कलेक्टर श्री रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शशि मोहन सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रमोद कुमार भटनागर, प्रांत सचिव विज्ञान भारती श्री वर प्रसाद ओला, प्रदेश संयोजक विद्यार्थी विज्ञान मंथन श्री गौरव वर्मा,जिला संयोजक विद्यार्थी विज्ञान मंथन श्री विवेक पाठक उपस्थित रहे।



## महाकुल समाज के अध्यक्ष रहे स्व. डमरूधर यादव की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

### समाज के उत्थान हेतु किए कार्यो एवं साथ बिताए अनमोल पलों को किया याद

जशपुरनगर / मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज पत्थलगांव पहुंचकर दिवंगत श्री डमरूधर यादव की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने उनके साथ बिताए गए अनमोल पलों एवं समाज उत्थान के लिए किए गए उनके कार्यो को याद किया। कहा कि डमरूधर यादव मेरे बड़े भाई के समान थे, उनका सहयोग और आशीर्वाद मुझे सदैव से मिलता रहा था।

इस अवसर पर विधायक श्रीमती गोमती साय एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय ने भी दिवंगत श्री डमरूधर यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। स्व. श्री डमरूधर यादव ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पत्थलगाँव के उपाध्यक्ष, कृषि उपज मंडी समिति पत्थलगाँव के अध्यक्ष, जिला भूमि विकास बैंक रायगढ़ के अध्यक्ष और महाकुल समाज छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष के पद पर रहते हुए समाज की सेवा की।



## जंगल में मिला पति-पत्नी का शव, झाड़ फूंक कराने जंगल गए थे दंपति पति पेड़ पर फंदे से झूला, पत्नी का शव जमीन पर मिला

**दिशा भृमण सिवनी ।** जिले के उगदीवाड़ा जंगल में रविवार सुबह पति-पत्नी के शव मिलने से हड़कंप मच गया। 38 वर्षीय फूल सिंह धर्वे का शव पेड से लटका मिला, जबकि उसकी पत्नी 35 वर्षीय गीता बाई का शव पास में जमीन पर पड़ा था। महिला के मुंह में पत्ते भरे हुए मिले। पुलिस का मानना है कि दम घुटने से उसकी मौत हुई होगी। थाना प्रभारी सदानंद गोदेवार ने बताया कि दोनो शवों पर चोट के निशान नहीं हैं। प्राथमिक जांच में संभावना जताई गई है कि फूल सिंह ने पहले पत्नी की हत्या की और फिर पेड़ से फांसी लगा ली। घटना की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगी। परिजनों का कहना है कि फूल सिंह पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान था। शनिवार को वह पत्नी के साथ झाड़-फूंक कराने कंजई गांव गया था, इसके बाद घर नहीं लौटा। रविवार सुबह ग्रामीणों ने जंगल में शव देखे और पुलिस को सूचना दी। मृतक दंपति के तीन छोटे बच्चे (12, 8 और 6 वर्ष) हैं। अचानक हुई इस घटना से परिवार और गांव में मातम छा गया है।



## सेवा पखवाड़े को लेकर दिमनी मंडल में बैठक संपन्न : कविंद्र सिंह



मुरैना // दिमनी भारतीय जनता पार्टी दिमनी मंडल में कामकाजी बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सेवा पखवाड़े कार्यक्रम को लेकर स्वास्थ्य,स्वच्छता, रक्तदान, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म शताब्दी वर्ष में अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई जिसमें मुख्य रूप से कार्यक्रम के प्रभारी उपस्थित कविंद्र सिंह तोमर, खुशी लाल श्रीवास कृष्णपाल सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनरेश परमार अनूप सिंह मीडिया प्रभारी अपनेश तोमर समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारी बंधु उपस्थित रहे

# तमनार व पुसौर पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्रों में लगाई जन चौपाल, साइबर अपराध व सामाजिक कुरीतियों से सचेत किया



रायगढ़,। पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल के मार्गदर्शन पर रायगढ़ जिले में पुलिस द्वारा लगातार ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से जन चौपाल, चलित थाना जैसे अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज 14 सितंबर 2025 को थाना तमनार अंतर्गत सुदूर अंचल ग्राम हिंझर में जन चौपाल का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम में थाना प्रभारी कमला पुसाम ठाकुर ने साइबर अपराध, ट्रैफिक नियम, महिला एवं बाल सुरक्षा, अवैध गतिविधियों और अंधविश्वास से जुड़े अपराधों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। ग्रामीणों को समझाया गया कि बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के लिए अनचाहे लिंक पर क्लिक न करें, अपनी व्यक्तिगत जानकारी सोशल मीडिया पर साझा न करें और किसी भी अज्ञात व्यक्ति को ह्रञ्जक्कया आधार नंबर जैसी संवेदनशील जानकारी न दें। साथ ही यदि कोई साइबर ठगी का शिकार हो जाए तो तत्काल 1930 नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं। ट्रैफिक सुरक्षा को लेकर भी ग्रामीणों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाने और शराब सेवन कर वाहन न चलाने की हिदायत दी गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि पिकअप या अन्य मालवाहक वाहनों में सवारी भरकर ले जाना खतरनाक है और इस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। महिलाओं और नाबालिग बच्चों पर होने वाले अपराधों की गोपनीय और त्वरित कार्यवाही की जानकारी दी गई, वहीं अवैध शराब बिक्री और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर पुलिस की सख्त निगरानी से अवगत कराया गया। ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि गांव में सोना-चांदी चमकाने या ठगी करने के नाम पर यदि कोई अजनबी व्यक्ति आता है तो तुरंत थाना को सूचित करें। इसके अलावा टोनही प्रताड़ना अधिनियम और रुपए झरना, जादू-टोने जैसे अंधविश्वासों से जुड़ी ठगी से बचने के उपाय भी समझाए गए।

इसी क्रम में थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रामकिंकर यादव ने अपने स्टाफ के साथ ग्राम लोहाखान और तडोला में चलित थाना लगाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड से बचाव के विभिन्न उपायों से अवगत कराया और बताया कि सतर्कता ही सुरक्षा की सबसे बड़ी ढाल है। पुसौर पुलिस ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस की इस पहल से ग्रामीणों में उत्साह दिखा और उन्होंने भी जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाने में सहयोग का भरोसा दिलाया।

## नागौद ने सोहावल को 3-0 से हराकर जीती हेमंत सिंह बाबू स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता



कोठी। अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह खेल मैदान पर आयोजित छठवीं स्व. हेमंत सिंह बाबू स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला नागौद और सोहावल की टीमों के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में नागौद की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सोहावल को 3ङ्क0 से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। मैच की शुरुआत से ही नागौद ने आक्रामक खेल दिखाया। जर्सी नंबर 14 गणेश वर्मा ने शुरुआती 10 मिनट में ही गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई और कुछ ही देर बाद दूसरा गोल मारकर स्कोर 2ङ्क0 कर दिया। मध्यांतर के बाद टीम के स्टार खिलाड़ी मोहित ने शानदार गोल दागकर स्कोर 3ङ्क0 कर दिया। इसके साथ ही नागौद ने प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया। विजेता नागौद टीम को 5100 रुपये नगद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई, वहीं उपविजेता सोहावल टीम को 4000 रुपये नगद राशि एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। मैन ऑफ द मैच का खिताब शानदार प्रदर्शन करने वाले गणेश वर्मा को और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मोहित को दिया गया। फाइनल मुकाबले का शुभारंभ मुख्य अतिथि दिलीप मिश्रा, अध्यक्षता कर रहे खेल विभाग के जिला प्रभारी एस.पी. तिवारी, विशिष्ट अतिथि शुभांजना बैंक के डायरेक्टर गजेंद्र सिंह, रणमत क्लब अध्यक्ष विपिन सिंह, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष यशवंत पांडे सहित अन्य अतिथियों ने स्व. हेमंत सिंह बाबू की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। समापन अवसर पर रणमत क्लब की महिला टीम द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। आयोजन समिति के सदस्य यादवेंद्र सिंह भैया, अमर गुप्ता, बारिश, शुभम वर्मा, मैसी गुप्ता सहित अन्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। आंखों देखा हाल धनंजय सिंह एवं आयुष सोनी ने सुनाया तथा स्कोरर की भूमिका धर्मेंद्र सोनी ने निभाई कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बगिया कैंप कार्यालय में सुनी जनता की समस्याएं



**त्वरित निराकरण के दिए निर्देश***

जशपुरनगर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज शनिवार को अपने गृह ग्राम बगिया स्थित सीएम कैंप कार्यालय में आमजनों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके निराकरण के लिए तत्काल निर्देश दिए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मुख्यमंत्री से मिले और अपनी मांगों एवं समस्याओं को प्रस्तुत किया। कुछ मामलों में त्वरित समाधान के लिए लोगों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। जनदर्शन में आए ग्रामीणों, महिलाओं, किसानों, छात्रों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक व्यक्ति की बात गंभीरता से सुनी और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के समक्ष विशेष रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क, जनसुविधाओं और विभिन्न योजनाओं से संबंधित मांगे और समस्याओं से संबंधित आवेदन आए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी मामले में अनावश्यक देरी न हो और प्रत्येक आवेदक को समयबद्ध समाधान मिले। उन्होंने कहा कि सीएम कैंप कार्यालय में जनता अपनी बात निस्संकोच रख सकती है।

# गो सेवा केन्द्रों में पहुंचाने की जिम्मेदारी स्थानीय निकायों की है : अखिलेश्वरानंद गिरि



ये छतरपुर झांसी हाईवे है। गोवंश मध्यप्रदेश का है। ऐसे ही बल्कि इससे भी अधिक गोवंश हमने उत्तर प्रदेश की हद पर भटकते और बेतरतीब रूप में देखा है।

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** प्रदेश में नेशनल हाईवे , फोर-लेन चौराहों पर या ग्रामीण सड़कों पर भटकता गोवंश अंततः गोपालकों या किसानों का ही है,ऐसे गोवंश को जो निराश्रित या बेसहारा होकर भटक रहा है ;उन्हें गोशालाओं में या शासन द्वारा निर्माण कराये गये ÷गो सेवा केन्द्रों में पहुंचाने की जिम्मेदारी स्थानीय निकायों की है : अखिलेश्वरानंद गिरि

मध्यप्रदेश गो संवर्द्धन बोर्ड की कार्य परिषद् के पूर्व अध्यक्ष महामण्डलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि ने हमारे प्रतिनिधि के माध्यम से जानकारी दी है कि- मैं अपने निजी वाहन से ग्वालियर एवं हरिद्वार की यात्रा में निकला प्रदेश की ग्रामीण सड़कों पर ,नेशनल हाईवे पर एवं फोर लेन चौराहों पर भारी संख्या में गोवंश के झुण्ड के झुण्ड अनेक स्थानों पर देखा है। अनेक स्थानों कर तो द्रुत गति से दौड़ते यांत्रिक वाहनों की चपेट में आये हमने मृत और घायल तड़पते गोवंश और श्वानों को भी देखा है।हमने अपने वाहन को रोककर अनेक स्थानों पर ऐसे गोवंश के फोटो भी खींचे हैं।मृत और घायल गोवंश को देखकर अत्यंत मानसिक पीड़ा हुई। ऐसे दृश्य देखकर मन में विचार जागा किसको दोष दिया जाये।शासन को प्रशासन को या गोपालक या किसानों को समझ नहीं आता। प्रदेश में शासन ने अनेक गोशालायें निर्माण करा कर उनका संचालन पंचायतों को सौंप दिया है, बृहद् गोशाला में निर्माण की जा रही हैं,फिर भी गोवंश निराश्रित होकर सड़कों पर भटक ही नहीं रहा है दुर्दशा व दुर्घटनाओं का शिकार हो रहा है। आखिरकार इन परिस्थितियों का जिम्मेदार कौन है? मेरे मन में इसका एक ही उत्तर आ रहा है, हम सब जो अपने आप को गोभक्त या गो प्रेमी या गोपालक मानते हैं;हम सब जिम्मेदार हैं,शासन प्रशासन को कोसना हमारा स्वभाव बन गया है,हम अपनी भूमिका को भूल गये हैं। व्यवस्था की दृष्टि से चिंतन करें तो मुझे यह कहने में यत्किंचित् भी संकोच नहीं है भटकते हुये बेसहारा किस्म के गोवंश की उपेक्षा का जिम्मेदार यदि प्रम दृष्ट्या कोई जिम्मेदार है तो वह स्थानीय निकाय ही है।पंचायतें,नगर परिषद्, नगर निगम,नगर पालिकायें ही हैं। मैं प्रदेश शासन के मुखिया मुख्यमंत्री मान्यवर डां. श्री मोहन यादव जी का नामोल्लेख पूर्वक उनसे आपके माध्यम से कहना चाहूंगा वे स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करें प्रदेश की ग्रामीण सड़कों ,नेशनल हाईवे और फोर-लेन चौराहों पर भटकते गोवंश को तत्काल शासन द्वारा निर्मित करायी गई गोशाला ओं में गो सेवा केन्द्रों में शिफ्ट करवायें।

# पीएम मित्रा पार्क में 91 कम्पनियों को आवंटित हुई लगभग 1300 एकड़ भूमि : मुख्यमंत्री

**म.प्र. के कॉटन कैपिटल बनने की ऐतिहासिक छलांग**

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि धार जिले के भैंसोला में स्थापित होने वाले देश के पहले पीएम मित्रा पार्क के शिलान्यास के पहले ही देश की अग्रणी 114 टेक्सटाइल कम्पनियों से 23 हजार करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके है। इन प्रस्तावों में से 91 कम्पनियों और इकाइकों के आवेदन स्वीकृत किये जाकर 1294 एकड़ से अधिक भूमि आवंटित किये जाने की अनुशंसा की जा चुकी है। जिन कम्पनियों को भूमि आवंटित की गई है, उनमें 20 हजार करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे 72 हजार से अधिक रोजगार सृजित होंगे। पार्क परियोजना पूर्ण विकसित होने पर रोजगार का आंकड़ा तीन लाख तक पहुँचने का अनुमान है। यह केवल संख्या नहीं, बल्कि लाखों परिवारों के जीवन में आने वाला ठोस बदलाव है।

देश की जिन अग्रणी टेक्सटाइल कंपनियों को पीएम मित्रा पार्क में भूमि आवंटित की गई है, उनके द्वारा बड़े स्तर पर निवेश के प्रस्ताव दिए गये हैं। इसमें प्रमुख रूप से वर्धमान टेक्सटाइल्स लिमिटेड 2000 करोड़ रूपये का निवेश कर 190 एकड़ भूमि पर इकाई स्थापित करेगा। जैन कॉर्ड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड 2515 करोड़ रूपये का निवेश 58 एकड़ भूमि पर करेगा। एबी कॉटस्पिन इंडिया लिमिटेड 1300 करोड़ रुपये का निवेश 45 एकड़ भूमि पर, ट्राइडेंट लिमिटेड कंपनी 180 एकड़ भूमि पर 4,881 करोड़ रूपये का निवेश, ऑरा सिक्योरिटीज प्रा.लि. 105 एकड़ भूमि पर 1204 करोड़ रुपये, बेस्ट लाइफस्टाइल अपेरल प्रा.लि. 75 एकड़ भूमि पर 981 करोड़ रूपये का निवेश, नासा फाइबर टू फैशन प्रा.लि. 30 एकड़ भूमि पर 472 करोड़ का निवेश, डोनियर सिंथेटिक लि. 20 एकड़ भूमि पर 220 करोड़ का निवेश, महालक्ष्मी प्रोसेसिंग हाउस प्रा.लि. 30 एकड़ भूमि पर 300 करोड़ रूपये का निवेश, कमर्शियल सिन बैग्स लिमिटेड 8 एकड़ भूमि पर 134 करोड़ रूपये का निवेश और नावकार टेकटेक्स लिमिटेड 8 एकड़ भूमि पर 135 करोड़ रूपये का निवेश करेगी। पीएम मित्रा पार्क में शार्मनजी यार्न्स प्राइवेट लिमिटेड ने 836.70 करोड़, सनातन पॉलिकॉट प्राइवेट लिमिटेड ने 1000 करोड़, सिद्धार्थ प्योरस्पन प्राइवेट लिमिटेड ने 380 करोड़, फैबियन टेक्सटाइल प्राइवेट लिमिटेड ने 308 करोड़, पासा पॉलिटेक्स प्राइवेट लिमिटेड ने 270 करोड़, दादी मां फाइबर्स ने 280 करोड़, ओसीएम फ्लोरिंग प्राइवेट लिमिटेड ने 250 करोड़, सोनिया सिंथेटिक्स एलएलपी ने 240 करोड़, वंश टेक्नोफैब प्राइवेट लिमिटेड ने 233 करोड़, डोनियर रिटेल प्रा. लिमिटेड ने 240 करोड़, तनमय प्योर स्पन ने 220 करोड़, महाशक्ति टेक्सटाइल मिल्स ने 202 करोड़, जिनेन्द्रम टेक्सस्पिन प्राइवेट लिमिटेड ने 200 करोड़, जे.के. क्वालिटी कॉटन इंडस्ट्रीज ने 180 करोड़, लक्ष्मीनाथ कल्पना मिल्स प्राइवेट लिमिटेड ने 155 करोड़, टिकमसा दुलीचंद नैचुरल फाइबर लिमिटेड ने 142 करोड़, मोहिनी एक्टिव लाइफ प्राइवेट लिमिटेड ने 190 करोड़, एल्पाइन टेक्सवर्ल्ड लिमिटेड ने 140.04 करोड़, टैनफैक अपैरल्स लिमिटेड ने 125 करोड़, महावीर स्पिनफैब प्राइवेट लिमिटेड ने 125 करोड़, रमेश टेक्सटाइल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने 115 करोड़, कैनडेक्स फिलामेंट प्राइवेट लिमिटेड ने 113.79 करोड़, अनीका टेक्सफैब ने 100 करोड़, न्यू जील फैशन वेयर प्राइवेट लिमिटेड ने 100 करोड़, मराल ओवरसीज लिमिटेड ने 100 करोड़, श्री पैकर्स (एमपी) प्राइवेट लिमिटेड ने 100 करोड़, आर.आर. जैन इंडस्ट्रीज ने 101.25 करोड़, मैस्कॉट फैशन्स प्राइवेट लिमिटेड ने 80 करोड़, ऋचा ग्लोबल एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने 77.88 करोड़, कोटली क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड ने 60 करोड़, वाइब्रेंट पॉलिमर्स एलएलपी ने 50.61 करोड़, बॉन एंड कंपनी ने 50 करोड़, गोल्डन सीम्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने 45 करोड़, शंकारी फूड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने 45 करोड़, के.जी. एक्सपोर्ट्स ने 43.35 करोड़, ऑरम विनाइल्स प्राइवेट लिमिटेड ने 40 करोड़, राघवेंद्र स्पिनटेक्स प्राइवेट लिमिटेड ने 37.60 करोड़, ग्रीन स्टिच एपरेल प्राइवेट लिमिटेड ने 30 करोड़, सिद्धि विनायक पॉलीप्लास्ट ने 33 करोड़, राजदीप इंडस्ट्रीज एलएलपी ने 29 करोड़, मंत्रम टेक्नोफैब प्राइवेट लिमिटेड ने 25 करोड़, केटीएफ फैशन प्राइवेट लिमिटेड ने 25 करोड़, पुनीत अपैरल्स प्राइवेट लिमिटेड ने 25 करोड़, बीकेके पॉलीप्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने 20 करोड़, युग फैशन लिमिटेड ने 20 करोड़, श्री गुरूकृपा फैब्रिक्स ने 16.25 करोड़, गुरूकृपा टारपॉलिन्स प्राइवेट लिमिटेड ने 16.25 करोड़, शिव्यश अपैरल्स एन्ट्रप्रेन्योर्स एलएलपी ने 14 करोड़, ट्रैक निटवेयर ने 12 करोड़, बुक अ बॉक्स ने 12 करोड़, दिव्वि एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने 10 करोड़, श्याम अपैरल्स ने 10 करोड़, जीटारा टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड ने 25 करोड़, ट्रैम्पेरी ग्लोबल एलएलपी ने 10 करोड़, एनटीपी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड ने 8 करोड़, पी.पी. एंड संस ने 4 करोड़, एस.आर. नांगालिया एंड संस (सिंटेक्स) प्राइवेट लिमिटेड ने 10 करोड़, श्री नकौड़ा टेक्सफैब प्राइवेट लिमिटेड ने 50 करोड़, नवकार टेकटेक्स लिमिटेड ने 135 करोड़, गजश्री फिलामेंट ने 4 करोड़, शिप्सी वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड ने 3.42 करोड़, अमित जैन ने 3 करोड़, गम्भीर गारमेंट्स ने 3.50 करोड़, चौधरी इंफ्रा प्रोजेक्ट ने 2.20 करोड़, मणि एंटरप्राइजेज ने 2.10 करोड़, एकागद वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड ने 2 करोड़, प्रोप्लेक्स इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड ने 1.50 करोड़, अमोडे गारमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड ने 1.50 करोड़, सिंध क्लोदिंग कंपनी ने 1.50 करोड़, श्रीजी फाइन स्टोन एंड कटिंग सप्लायर ने 1.30 करोड़, एडवांस एलायंस ने 1.20 करोड़, गट्टीमैन पैकेजिंग ने 1.15 करोड़, गौरंश एंटरप्राइजेज ने 1 करोड़, श्री गुरुदेव कंसल्टेंसी ने 1 करोड़, फिक्सॉन ग्लोबल इंडिया एलएलपी ने 0.75 करोड़, सनशाइन ट्रेडिंग हब इंदौर ने 3.50 करोड़, स्मार्ट वियर बाय कमल ने 0.40 करोड़ और जैनोवा वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड ने 26.50 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव दिए हैं। इन प्राप्त निवेशों से यार्न, फैब्रिक और गारमेंट उत्पादन की संपूर्ण वैल्यू चेन यहीं विकसित होगी, जिससे प्रदेश का टेक्सटाइल उद्योग वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकेगा।

# हनी ट्रैप में उज्जैन के प्रॉपर्टी डीलर का अपहरण कांड, जबलपुर पुलिस ने फिरौती माँगने वाली जैन बहनों और साथियों का खंगाला रिकार्ड

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** शहर में रहने वाली युवतियों ने उज्जैन के प्रापर्टी डीलर को अपने जाल में फंसाकर ना सिर्फ उसके साथ मारपीट की बल्कि अपहरण कर उससे 15 लाख रूपये भी माँगे। हालांकि यह मामला उज्जैन में हुआ लेकिर मामले का खुलासा होने के बाद शहर की पुलिस भी हरकत में आई और चारों युवतियों के बारे में जानकारी जुटाई। जिसमें यह बात निकलकर सामने आई है कि सभी ने शहर के बाहर अन्य जिलों में हनीट्रेप में फँसाकर लोगों से ठगी है। उनके खिलाफ शहर में किसी प्रकार का कोई मामला दर्ज नहीं है।

## सोशल साइड पर फँसाती थी युवकों को

उज्जैन पुलिस को इस संबंध में यह जानकारी मिली है कि शहर में रहने वाली चारों युवतियाँ सोशल साइड के जरिए लोगों को अपने प्यार में फँसाती थीं और उन्हें ब्लैकमेल कर रूपये ऐंठती थी। जिसमें जबलपुर की रहने वाली आयुषी उर्फ कृतिका जैन, पुष्पा जैन, भारती लोधी, अनुजा जैन शामिल हैं।

## पुलिस ने चारों महिलाओं का खंगाला रिकार्ड

गढ़ा पुलिस ने थाना क्षेत्र में रहने वाली चारों महिलाओं का रिकार्ड खंगाला है। जिसमें उनके खिलाफ किसी प्रकार का अपराधिक रिकार्ड नहीं मिला है। इसके साथ ही शहर में उनकी मदद करने वाले गिरोह के किसी भी सदस्य के बारे में पुलिस को पता नहीं चला। गढ़ा सीएसपी आशीष जैन ने बताया कि महिलाओं ने शहर के बाहर ही इस तरह की वारदातों को अंजाम दिया है।




शहर के बाहर फैला गिरोह- इसके साथ ही पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि युवतियों का साथ देने वाला हनी ट्रेप क गिरोह शहर के बाहर सक्रिय है। इनके साथी भी शहर के बाहर ही सक्रिय हैं। पुलिस को आशंका है कि वे यहां सुरक्षित ठिकाने के लिए कोई अपराधिक वारदात नहीं करती थीं। उज्जैन की पुलिस आ सकती है शहर-चारों युवतियों के बारे में जानकारी हासिल करने उज्जैन पुलिस शहर आ सकती है। साथ ही चारों युवतियों के परिवार वालों से भी पूछताछ की जा सकती है। युवतियों ने हनीट्रेप गैंग बनाकर ना सिर्फ लोगों को लूटा है बल्कि शादी के नाम पर भी धोखाधड़ी कर चुकी हैं।

## इनका कहना है

उज्जैन में हनीट्रेप मामले में पकड़ी गई शहर की युवतियों का रिकार्ड खंगाला गया है। उनके खिलाफ कोई अपराधिक मामले दर्ज नहीं मिले हैं।

**-आशीष जैन, सीएसपी**

# मध्यप्रदेश विद्युत परिवार हिन्दी समिति के तत्वावधान में शॉलेय विद्यार्थियों की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत परिवार हिन्दी समिति व केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दी महोत्सव के अंतर्गत आज रामपुर स्थित कल्याण भवन में शॉलेय विद्यार्थियों की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश विद्युत परिवार हिन्दी समिति के तत्वावधान में चार दिवसीय हिन्दी महोत्सव की आज से शुरुआत हो गई। हिन्दी महोत्सव के प्रथम दिवस पर दो वर्गो 10 वर्ष आयु तक व 10 वर्ष से अधकि आयु वर्ग में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में ढाई सौ विद्यार्थियों ने भाग लेकर रंगों व विचारों से अपनी अभव्यिक्ति को नई उड़ान दी। चित्र में विचार ज्यादा महत्वपूर्ण-इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक चित्रकार अवधेश बाजपेयी ने प्रतिभागी विद्यार्थियों से कहा कि चित्रकला सिर्फ रेखांकन व रंगों का संयोजन नहीं है बल्कि कोई भी चित्र विचार की अभव्यिक्ति के कारण ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चों की किसी भी कला का मूल्यांकन प्रथम या द्वितीय में करके उस पर पर्दा नहीं डालना चाहिए। बच्चों की कला निरंतर विकसित होकर उनमें संभावनाएं बनी रहती हैं। चित्रकार अवधेश बाजपेयी को चित्रकला में उनके योगदान के लिए मध्यप्रदेश विद्युत परिवार हिन्दी समिति की ओर से हिन्दी महोत्सव के संयोजक दीपक निगम व उपाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने शॉल, श्रीफल व सम्मान पत्र भेंट कर सम्मान किया। विद्यार्थीयों ने किन विषयों पर बनाए चित्र-चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले शॉलेय विद्यार्थीयों ने अपने चित्रों में रेखांकन, रंगों व विचार से कल्पना को साकार किया। बच्चों की चित्रकला में पर्यावरण, प्रकृति, हिन्दी का प्रचार-प्रसार जैसे विषय देखने को मिले। निर्णायक अवधेश बाजपेयी ने दोनों वर्गों में मूल्यांकन के तौर पर किसी भी चित्र को प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान न देकर प्रत्येक वर्ग में पांच-पांच चित्रों का चयन कर उन्हें पुरस्कृत करने का निर्णय लिया। चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागी सभी ढाई सौ विद्यार्थीयों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शॉलेय विद्यार्थीयों की चित्रकला प्रतियोगिता के संयोजन व समन्वय में अंकुर चौरसिया, मनीषा झारिया, अमरचंद कुशवाहा, अशोक चौहान, नीरज दुबे, संजय पोल, बृजभूषण खम्परिया, सुहास कोरडे, अजय उशेकवार, गौरव शर्मा, रोहित कुशवाहा, प्रकाश साहू, राकेश यादव, राकेश स्वामी ने योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन प्रबंधक मानव संसाधन पराग मिश्रा ने किया। आज कार्यालयीन टीप प्रतियोगिता के साथ इंस्पेक्टर मातादीन चांद पर नाटक का मंचन-आज 15 सितंबर को अपराह्न 3 बजे से शक्तिभवन स्थित केन्द्रीय पुस्ताकलय में हिन्दी महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन होगा। मुख्य अर्तिथि के रूप में डा. तापसी नागराज व मुरलीधर नागराज उपस्थित रहेंगे।

# कलेक्टर ने नागरिकों से किया रक्तदान शिविरों के सफल आयोजन में सहभागी बनने का आग्रह

**युवाओं से भी की बढ़-चढ़कर रक्तदान करने की अपील. सेवा पखवाड़ा के पहले दिन एक साथ 13 स्थानों पर लगाये जायेंगे रक्तदान शिविर.**



**जबलपुर/प्रतिनिधि।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने सेवा पखवाड़ा की शुरुआत पर बुधवार 17 सितंबर को लगाये जा रहे मेगा रक्तदान शिविरों के सफल आयोजन के लिये जिले के सभी नागरिकों से सक्रिय सहयोग प्रदान करने तथा रक्तदान कर पीड़ित मानवता की सेवा के महायज्ञ में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने रक्तदान को महादान बताते हुये कहा है कि यदि किसी का जीवन रक्तदान कर बचाया जा सकता है तो इससे बड़ी समाज सेवा और कोई नहीं हो सकती। उन्होंने सामाजिक सरोकारों से जुड़े सभी नागरिकों खासतौर पर युवाओं से रक्तदान शिविरों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील करते हुये कहा कि स्वयं रक्तदान करने के साथ-साथ वे अपने साथियों को भी रक्तदान के लिये प्रेरित करें।

ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन 17 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक आयोजित किये जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान की जिले में शुरुआत रक्तदान शिविरों से शुरू होगी। इस दिन यानी बुधवार 17 सितंबर को जबलपुर शहर में छह शिविरों सहित जिले भर में 13 स्थानों पर रक्तदान शिविर लगाये जायेंगे।

ये रक्तदान शिविर जबलपुर शहर में सदर स्थित सेंट अलायसियस कॉलेज, सिविल लाइन स्थित महाकौशल कॉलेज, कटंगी रोड के समीप स्थित श्री राम इंजियनियरिंग कॉलेज, सिविक सेंटर स्थित गुजराती मंडल, तिलवारा रोड स्थित ज्ञान गंगा इंजियनियरिंग कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय में तथा सिविल हॉस्पिटल पाटन, सिविल अस्पताल सिहोरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनागर, शहपुरा, बरगी, कुंडम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली में लगाये जायेंगे।

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने सामाजिक एवं स्वैच्छिक संगठनों के सहयोग से आयोजित किये जा रहे इन शिविरों के सुचारू संचालन के लिये नोडल अधिकारियों को नियुक्त किया गया है।

# अपनी मातृभाषा के आधार पर, विश्वमंच पर सिरमौर बनेगा भारत : उच्च शिक्षा मंत्री

**मप्र में यूनानी चिकित्सा पद्धति की पढ़ाई भी हिंदी भाषा में भी होगी**

## परमार ने 100 वर्षों की प्रमुख घटनाओं पर, तत्समय प्रकाशित समाचारों पर केन्द्रित प्रदर्शनी का किया अवलोकन

## रवीन्द्र भवन में दो दिवसीय 'भारतीय मातृभाषा अनुष्ठान (सभ्यता, संस्कृति और अस्मिता का सूत्र)' का शुभांरभ

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** विश्व भर में अनेकों देश अपनी स्वंतत्रता के बाद, अपनी मातृभाषा के आधार पर विश्वमंच पर आगे बढ़ रहे हैं। हमें भी हीन भावना से मुक्त होकर स्वाभिमान के साथ, अपनी मातृभाषा के आधार पर विश्वमंच पर सिरमौर बनने की ओर अग्रसर होने की आवश्यकता है। इसके लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा अध्यापन का महत्वपूर्ण अवसर दिया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में शिक्षा परिदृश्य में आमूलचूल परिवर्तन हो रहे हैं। भारतीय शिक्षा पद्धति, ज्ञान आधारित शिक्षा पद्धति रही है, रटने की नहीं। हम, भारतीय दर्शन के अनुरूप ज्ञान आधारित शिक्षा देकर श्रेष्ठ नागरिक निर्माण करने की दिशा में सतत् क्रियाशील हैं। भारत वेश भूषा एवं भाषाओं की विविधताओं से परिपूर्ण देश है। हमारे पूर्वजों ने सांस्कृतिक व्यवस्था स्थापित करते हुए देश की एकात्मता को मजबूत किया, इसमें भाषाएं बाध्यता नहीं बनी। भाषाएं जोड़ने का काम करती हैं, तोड़ने का नहीं। भारत की सभी भाषाएं, भारत की अपनी भाषाएं हैं। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार रविवार को भोपाल स्थित रविन्द्र भवन के अंजनी सभागार में आयोजित दो दिवसीय ÷भारतीय मातृभाषा अनुष्ठान (सभ्यता, संस्कृति और अस्मिता का सूत्र)÷ विमर्श कार्यक्रम का शुभारम्भ कर संबोधित कर रहे थे। श्री परमार ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं।



उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने एकात्मता के लिए ÷भाषाई सौहार्दता के परिप्रेक्ष्य में भारतीय भाषाओं की महत्ता÷ के आलोक में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमने विद्यार्थियों को भारत की सभी भारतीय भाषाओं को सिखाने के लिए संकल्प लिया है, प्रत्येक विश्वविद्यालय आवंटित भारतीय भाषाएं सिखाएंगे, इससे विद्यार्थियों को अन्य राज्यों में रोजगार के अवसर प्राप्त होने पर संवाद में एकरूपता में सहजता होगी। हिंदी भाषी मध्यप्रदेश से, देश भर में भाषाई एकात्मता का संदेश जाएगा। श्री परमार ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के संयुक्त राष्ट्र संघ में हिंदी भाषा में दिए उद्बोधन का उल्लेख करते हुए, सभी से अपनी मातृभाषा में विचार व्यक्त करने का आह्वान किया। श्री परमार ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हिंदी में इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की पढ़ाई शुरू करने से विद्यार्थियों को स्वेच्छा एवं सुविधानुसार भाषा चयन का विकल्प दिया गया है। प्रदेश में यूनानी चिकित्सा पद्धति की पढ़ाई भी हिंदी भाषा में कराई जाएगी, इससे हिंदी भाषी विद्यार्थियों को इस आयुष विधा को पढ़ने का अवसर मिल सकेगा। श्री परमार ने भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़े विविध विषयों पर प्रकाश डालते हुए भारतीय पुरातन ज्ञान के आलोक में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मातृभाषा एवं भारतीय भाषाओं के आधार पर, विश्वमंच पर भारत पुनः विश्वगुरु बनेगा। स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक भारत, विश्व का सबसे समृद्ध एवं विकसित देश होगा। वसुधैव कुटुंबकम् के दृष्टिकोण के साथ भारत विश्वमंच पर पुनः आगे बढ़ रहा है, कोविड के संकटकाल में लोककल्याण भाव से, अन्य देशों को वैक्सीन उपलब्ध करवाना इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। श्री परमार ने कहा कि मातृभाषा को सर्वोच्च स्थान पर लाने के लिए गर्व के भाव के साथ व्यवहार में लाना होगा।

मंत्री श्री परमार ने कहा कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों में भारतीय भाषाओं से जुड़े विविध विषयों पर विस्तृत विचार मंथन होगा और इस वैचारिक महाकुंभ से निकलने वाला अमृत भारत की भाषाई सौहार्दता में अपनी भूमिका सुनिश्चित करेगा।

उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने रवीन्द्र भवन परिसर में, देश में विगत 100 वर्षों घटित प्रमुख घटनाओं पर विभिन्न समाचार पत्रों में तत्समय प्रकाशित समाचारों के संकलन पर आधारित प्रदर्शनी ÷सदी साक्षी है ÷ 100 साल, 100 सुर्खियां÷ ÷कलम के सिपाही÷ का अवलोकन भी किया। श्री परमार ने कहा कि इस प्रदर्शनी को विश्वविद्यालयों में भी स्थापित करेंगे, इससे विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास से अवगत होने का अवसर मिलेगा।गुजरात साहित्य अकादमी अहमदाबाद के पूर्व अध्यक्ष पद्मश्री विष्णु पंड्या ने कहा कि भाषा, अभिव्यक्ति के माध्यम से परे एक कीर्तिमान शिखर है। यह प्रभाव तक ही सीमित नहीं है, भाषा बहती धारा है। हिंदी भाषा की भी इस प्रवाह में रूपांतर यात्रा है। हिंदी भाषा की अलग-अलग जगह यात्रा जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि हिंदी के गौरव को प्रतिष्ठापित करने के लिए व्यापक चिंतन आवश्यक है। श्री पंड्या ने कहा कि भाषा, व्यवहार की पगडंडी से परमात्मा तक पहुंचने का माध्यम है। श्री पंड्या ने हिंदी भाषा एवं भारतीय भाषाओं को लेकर राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश, देश भर में सभी प्रदेशों के लिए आदर्श रूप में अभिप्रेरणा बन रहा है।सप्रे संग्रहालय के संस्थापक श्री विजयदत्त श्रीधर ने दो दिवसीय कार्यक्रम की परिकल्पना पर प्रकाश डालते हुए प्रस्तावना प्रस्तुत की। श्री अजय बोकिल ने मंच संचालन किया एवं आचार्य श्री प्रभु दयाल मिश्र ने आभार जताया। कार्यक्रम में हिंदी साहित्य के विद्वान डॉ. सूर्य प्रकाश दीक्षित, वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी एवं संचालक संस्कृति संचालनालय श्री एन.पी. नामदेव सहित विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, कुलगुरु, विविध शिक्षाविद्, विषयविद् एवं भाषाविद सहित विद्वतजन उपस्थित थे।

# अपराधों की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक ने कराई कांबिंग गस्त' '

**कांबिंग गस्त में कई वर्षो से फरार मामलों के 284 वारंट किए गए तामील''**

## पकड़े गये अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 30 आरोपी, 96 लीटर कच्ची एवं 315 पाव देशी शराब जप्त

## पकड़े गए अवैध हथियार लेकर घूमते 4 आरोपी, 3 चाकू, 1 बका जप्त

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** 'पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.)' द्वारा शहर में कानून व्यवस्था सुदृढ करने एवं अपराधों की रोकथाम हेतु गुंडे, बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध उनके आपराधिक रिकार्ड को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिदिन प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कराई जा रही है वहीं थानों में लंबित वारंटो की तमीली तथा मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए कांबिंग गस्त हेतु आदेशित किए जाने पर दिनॉक 13-9-25 की रात्रि 9 बजे से आज दिनॉक 14-9-25 की रत्रि 2 बजे तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन 2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध श्री जितेन्द्र सिंह, तथा समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों/उप पुलिस अधीक्षक/एस.डी.ओ.पी. के मार्ग निर्देशन एवं उपस्थिती में समस्त थाना प्रभारी शहर एवं देहात द्वारा हमराह स्टाफ के



कॉम्बिग गस्त की गयी। टीमों द्वारा जिले भर में छापेमारी करते हुये बड़ी सफलता प्राप्त की है।

कॉम्बिग गस्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ लगभग अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे।

टीमों के द्वारा दबिश देते हुए कॉम्बिंग गस्त के दौरान कई वर्षो से फरार 116 गैर म्यादी वारिटयों एवं 101 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए तथा 67 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर मान्नीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

अवैध शराब कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश देते हुये 30 आरोपियों को गिरफ्तार कर 96 लीटर कच्ची तथा 315 पाव देशी/विदेशी शराब जप्त की गयी है।

इसी प्रकार कांबिंग गस्त के दौरान अवैध हथियार रखकर घूमते हुए 4 आरोपियों को पकडा जाकर 3 चाकू , 1 बका जप्त किये गये ।

पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) ने जानकारी देते हुये बताया कि यह कार्यवाही हमारे निरंतर प्रयासों का परिणाम है जनता में सुरक्षा की भावना पैदा करना और कानून का पालन सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है ऐसे अपराधियों को पकड़ना आवश्यक था जो लंबे समय से कानून से बचते फिर रहे थे।

इस प्रकार की कार्यवाही भविष्य में भी लगातार जारी रहेगी ताकि जिले में अपराध और अपराधियों पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सके।

इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।

# हाईवे रोड पर लापरवाही पूर्वक बुलेरो वाहन में रखे ड्रम से ज्वलनशील पदार्थ डीजल निकालते आरोपी युवक पकडा गया

**ड्रम में भरा 100 लीटर डीजल एवं बुलेरो वाहन जप्त**




**जबलपुर/प्रतिनिधि।** थाना प्रभारी बरगी श्री जितेन्द्र पाटकर ने बताया कि आज दिनांक 14-9-25 की रात्रि दौरान गस्त के ग्राम मानेगांव मेन रोड़ ढाबा के पास एक बुलेरो क्रमांक एमपी 20 जीबी 2378 में रखे ड्रम से एक युवक पाईप लगाकर ज्वलनशील पदार्थ डीजल निकालते दिखा, बुलेरो में एक पीले रंग की पाईप और 5 लीटर वाला डिब्बा रखा था उक्त युवक ने पूछताछ पर अपना नाम बलराम रजक उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम लोढ़ी पिपरिया बरगी बताया बुलेरो में रखे ड्रम को चैक किया जिसमें पाईप लगा था ड्रम में 100 लीटर डीजल होना पाया गया, आरोपी बलराम रजक हार्डवे रोड़ किनारे ज्वलनशील पदार्थ डीजल के ड्रम का ढक्कन खोलकर लापरवाही पूर्वक डीजल निकाल रहा था जिससे आग लगने की पूर्ण सम्भावना होने से आरोपी के कब्जे से 100 लीटर डीजल एवं बुलेरो वाहन जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 287 बीएनएस तथा 3, 7 ईसी एक्ट तथा 3, 181, 177, 130(1) मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय भूमिका - आरोपी को बुलेरो वाहन में लापरवाही पूर्वक रखे डीजल के साथ रंगे हाथ पकड़ने में प्रधान आरक्षक उदय सिंह उइके, प्रधान आरक्षक विजय पटैल, आरक्षक दारा सिंह, मुकेश गुप्ता की सराहनीय भूमिका रही।

# जबलपुर में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भारत-पाकिस्तान मैच पर कहा, व्यापार नहीं तो खेल कैसे

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भारतीय संविधान और सामाजिक न्याय पर आधारित एक कार्यक्रम में जबलपुर में शामिल हुए। उन्होंने बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला और पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच को लेकर सवाल उठाए।



उमंग सिंघार व कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ रागिनी नायक जबलपुर के मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम शहर जिला कांग्रेस कमेटी, जबलपुर द्वारा आयोजित भारतीय संविधान एवं सामाजिक न्याय पर 6 साप्ताहिक निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह का हिस्सा था। विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व विधायक तरुण भनोत, कांग्रेस के सभी पार्षद और कार्यकर्ता भी मौजूद थे। इस मौके पर सिंघार ने केंद्र सरकार व भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा देशभक्ति की बात करती है, पाकिस्तान का विरोध करती है। उन्होंने हाल के युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने युद्ध विराम किया, जो पूरे देश की भावना के खिलाफ था। सिंघार ने भाजपा पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा आप पाकिस्तान से व्यापार नहीं करना चाहते, चर्चा नहीं करना चाहते, लेकिन खेल के मैदान में ब्रांडिंग और पैसा कमाने के लिए आप पाकिस्तान की क्रिकेट टीम के साथ खेलना चाहते हैं। उन्होंने सीधे तौर पर जय शाह और अमित शाह से सवाल पूछा कि उनका पाकिस्तान प्रेम वापस क्यों आया। सिंघार ने यह भी पूछा कि क्या दुबई में हो रहे मैच को लेकर उनकी भावनाएं देश की भावनाओं से अलग हैं उन्होंने तंज कसते हुए कहा क्या आप पाकिस्तान प्रेमी हो गए हैं। उमंग सिंघार ने बच्चों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि छात्रों को मोटिवेट करना और जागरूक बनाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि इस तरह की सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिताएं होती रहें। सिंघार ने जबलपुर के बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि वे ज्ञान से भरपूर हैं और अगली बार इस प्रतियोगिता को बड़े पैमाने पर आयोजित किया जाएगा।

# एमपी ट्रांसको के 412 सब स्टेस्शन में कैपेसिटर बैंक क्रियाशील : ऊर्जा मंत्री तोमर

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) अपने अधिकांश एक्स्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशनों में कैपेसिटर बैंकों की स्थापना कर चुकी है। कंपनी के 417 सबस्टेशन में से 412 सबस्टेशन में विभिन्न क्षमताओं के कैपेसिटर बैंक क्रियाशील हैं। इसके अतिरिक्त पुराने सबस्टेशनों में भी आवश्यकता अनुसार नए कैपेसिटर बैंकों की स्थापना के साथ मौजूदा क्षमता में वृद्धि की जा रही है। उन्होंने एमपी ट्रांसको के इस अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को मानक वोल्टेज की गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।



## 9278.5 एम.व्ही.ए.आर.की स्थापित क्षमता

वर्तमान में राज्य में स्थित एम.पी. ट्रांसको के 220 के.व्ही. सबस्टेशनों पर 145 के.व्ही. स्तर के 32 कैपेसिटर बैंक एवं 132 के.व्ही. सबस्टेशनों पर 36 के.व्ही. स्तर के 719 कैपेसिटर बैंक क्रियाशील हैं। कुल मिलाकर प्रदेश में एम.पी. ट्रांसको 751 कैपेसिटर बैंकों तथा 9278.5 एम.व्ही.ए.आर. की संयुक्त स्थापित क्षमता के साथ उपभोक्ताओं को मानक वोल्टेज पर उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति उपलब्ध करा रही है।

## 52 पुराने कैपेसिटर बैंकों की क्षमता वृद्धि

ट्रांसमिशन कंपनी ने प्रदेश में 52 ऐसे पुराने कैपेसिटर बैंकों की पहचान की है, जिनकी समयावधि आयु पूर्ण हो चुकी है और वे अब अपेक्षित कैपेसिटिव लोड प्रदान करने में सक्षम नहीं हैं। इन सबस्टेशनों में अधिक एमवीएआर क्षमता के कैपेसिटर बैंकों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस आवश्यकता की पूर्ति के लिये कंपनी ने अभियान चलाकर इन स्थानों पर कैपेसिटर बैंकों का प्रतिस्थापन एवं क्षमता वृद्धि की जा रही है, ताकि एमपी ट्रांसकों के सभी सबस्टेशनों से गुणवत्तापूर्ण और मानक वोल्टेज में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

## कैपेसिटर बैंक से मिलता है लाभ

एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशनों से विद्युत आपूर्ति के दौरान पॉवर ट्रांसफार्मर्स पर प्रायः इंडक्टिव लोड (सिंचाई मोटरें एवं घरेलू उपकरण) होता है, जिससे वोल्टेज में कमी आती है और विद्युत गुणवत्ता प्रभावित होती है। इस समस्या के समाधान के लिये कैपेसिटर बैंक लगाए जाते हैं, जो अपने कैपेसिटिव लोड के माध्यम से उस इंडक्टिव प्रभाव को संतुलित कर देते हैं। इसके परिणामस्वरूप पॉवर फैक्टर में सुधार होता है और उपभोक्ताओं को मानक वोल्टेज पर विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति होती है।

# समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आये युवा सुदर्शन समाज एवं संभागीय डीडीएस द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष के साथ समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का किया सम्मान




जबलपुर। सुदर्शन समाज एवं संभागीय डीडीएस द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर के साथ समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का किया सम्मान मंगल पराग भवन कछियाना में किया गया। सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने कहा किसी भी समाज में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है इससे युवाओं को समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने की प्रेरणा मिलती है आज इस कार्यक्रम के माध्यम से आप सभी युवाओं से आग्रह करता हुँ समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आकर कार्य करें और अपने समाज व देश का नाम रोशन करें। श्री रत्नेश सोनकर ने सम्मान के लिए सुदर्शन समाज के साथ संभागीय डी डी एस के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समरसता सेवा संगठन अध्यक्ष श्री संदीप जैन, सुदर्शन समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदीश चौहटेल, श्याम नारायण बिरहा, परसादी लाल बिरहा, प्रमोद चौहटेल जीवन लाल मालिक, सोनी मास्टर, मनोहर राज, योगेश लोखंडे, योगेदर राजपूत, सोनू बचवानी, पुरषोत्तम पछेल, अनिल ठाकुरसी, राजेश समुंद्रे के साथ सामाजिक जन उपस्थित थे।

## नेशनल लोक अदालत के दिन हुई रिकार्ड तोड़ वसूली 8 हजार 6 सौ से अधिक करदाताओं ने छूट का लिया लाभ

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** सुबह 11:15 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक राज्य स्तर से सर्वर बंद होने के कारण नागरिकों को होने वाली परेशानियों के लिए महापौर, निगमाध्यक्ष, राजस्व प्रभारी, नेता प्रतिपक्ष एवं निगमायुक्त ने खेद व्यक्त कर सभी सम्माननीय नागरिकों के प्रति जताया आभारशासन द्वारा आयोजित 13 सितंबर की लोक अदालत में नगर निगम द्वारा इस वर्ष रिकार्ड वसूली की जो 7 करोड के ऊपर थी ये आज तक आयोजित सभी लोग अदालत में की गई सबसे बड़ी वसूली थी और नगर निगम सीमा में निवासरत 8 हजार 6 सौ से अधिक करदातायो ने नेशनल लोक अदालत में छूट का लाभ उठाया। अभी तक के आयोजित सभी लोक अदालत में इस बार की लोक अदालत में करदाताओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया और बकाया करों की राशि जमा कर लोक अदालत में सर्वाधिक वसूली का रिकार्ड दर्ज करवाया। इसके लिए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार एवं अपर आयुक्त (राजस्व) श्रीमती अंजू सिंह ठाकुर ने करदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बीच में भोपाल से सर्वर बंद होने के लिए खेद व्यक्त किया है। महापौर श्री अन्नू एवं निगमायुक्त आर.पी. अहिरवार ने शहर के शेष सभी सम्माननीय करदाताओं से भी अपील की है कि 30 सितम्बर के पूर्व अपने-अपने समस्त बकाया करों की राशि निगम खजाने में जमा कराएँ और अधिभार से बचें। वसूली के संबंध में अपर आयुक्त अंजू सिंह ठाकुर ने बताया कि महापौर श्री अन्नू, राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी एवं निगमायुक्त आर.पी. अहिरवार द्वारा हर 2 घंटे में राजस्व अमले को मार्गदर्शन दिया जा रहा था। उन्होंने बताया कि रात 12 बजे तक संभागीय कार्यालयों में छूट लेने हेतु करदाताओं की लाइन लगी रही। उन्होंने बताया कि सुबह 11:15 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक भोपाल से सर्वर बंद होने के कारण नागरिकों को होने वाली असुविधा के लिए महापौर श्री अन्नू, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य एवं राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार द्वारा खेद व्यक्त किया गया।

# लोक निर्माण से लोक कल्याण के संकल्प के साथ मनेगा अभियंता दिवस

**लोक निर्माण सर्वेक्षण ऐप और लोक परियोजना प्रबंधन प्रणाली का होगा शुभारंभ**

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव होंगे शामिल

### श्रेष्ठ अभियंताओं और संविदाकारों को किया जायेगा पुरस्कृत

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में अभियंता दिवस का भव्य और गरिमामय आयोजन 15 सितंबर,सोमवार को प्रातः 11 बजे कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में होगा। यह दिवस महान अभियंता और भारत रत्न से सम्मानित सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती को समर्पित है, जिन्होंने अपनी दूरदृष्टि और अभूतपूर्व तकनीकी कौशल से भारत की इंजीनियरिंग को नई दिशा प्रदान की।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को सदैव भारतीय अभियंता समाज का मार्गदर्शक माना जाएगा। उनके योगदान से न केवल देश को विश्वस्तरीय इंजीनियरिंग दृष्टिकोण मिला, बल्कि उन्होंने तकनीक को विकास और जनकल्याण का सशक्त माध्यम बनाया। वर्ष 1955 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया था, जो उनके अतुलनीय कार्यों की मान्यता है।

मंत्री श्री सिंह ने कार्यक्रम स्थल कुशाभाऊ ठाकरे सभागार का भ्रमण कर अभियंता दिवस कार्यक्रम की तैयारीयों का जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने विभिन्न निर्देश दिये। इस दौरान एमडी एमपीआरडीसी श्री भरत यादव, प्रमुख अभियंता श्री के.पी.एस. राणा, तकनीकी सलाहकार एमपीआरडीसी श्री



आर.के. मेहरा, मुख्य अभियंता श्री संजय मसके सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि लोक निर्माण विभाग ने 'लोक निर्माण से लोक कल्याण' का संकल्प लिया है। अभियंता दिवस का आयोजन इसी संकल्प का प्रतीक होगा, जिसमें विभाग की तकनीकी प्रगति, पारदर्शिता और नवाचार को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की प्रगति का आधार मजबूत और आधुनिक आधारभूत संरचना है, जिसकी दिशा और गति हमारे अभियंता तय कर रहे हैं। सड़कें, पुल, फ्लाईओवर, रिंग रोड, बायपास और स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम जैसे निर्माण कार्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति दे रहे हैं और नागरिकों के जीवन को सुगम बना रहे हैं। अभियंताओं की तकनीकी दक्षता और योजनाबद्ध कार्यशैली से न केवल परिवहन और संपर्क व्यवस्था बेहतर हो रही है, बल्कि उद्योग, व्यापार और पर्यटन को भी नई ऊँचाइयाँ मिल रही हैं।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में हर गुणवत्तापूर्ण सड़क और हर सुदृढ़ पुल अभियंताओं की मेहनत और संकल्प का प्रमाण है, जो ÷लोक निर्माण से लोक कल्याण÷ की दिशा में प्रदेश को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने बताया कि अपने अभियंताओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभाग के इतिहास में पहली बार प्रदेशभर के उन अभियंताओं और संविदाकारों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपने समर्पण और उत्कृष्ट कार्य से लोक निर्माण विभाग की साख और गुणवत्ता को ऊँचाई प्रदान की है। यह सम्मान केवल व्यक्तियों का नहीं होगा, बल्कि विभाग की समर्पित कार्य-संस्कृति का भी होगा।

मंत्री श्री सिंह ने जानकारी दी कि इस अवसर पर दो महत्वपूर्ण डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म ÷लोक निर्माण सर्वेक्षण ऐप÷ और ÷लोक परियोजना प्रबंधन प्रणाली÷ का शुभारंभ भी किया जाएगा। 'लोक निर्माण सर्वेक्षण ऐप' निर्माण कार्यों की वास्तविक समय पर मॉनिटरिंग, निरीक्षण और गुणवत्ता सुनिश्चित करने का माध्यम बनेगा। वहीं, 'लोक परियोजना प्रबंधन प्रणाली' योजनाओं की प्रगति, बजट प्रबंधन और जवाबदेही को मजबूत बनाएगी। इसी के साथ लोक निर्माण विभाग के न्यूज़ लेटर का विमोचन भी किया जाएगा, जिसमें विभागीय उपलब्धियों, योजनाओं और नवाचारों की विस्तृत झलक प्रस्तुत की जाएगी।

# 17 सितम्बर को आयोजित होगा वृहद रक्तदान शिविर सह हेल्थ कैंप

### कलेक्टर ने सेवा पखवाड़ा के संबंध में बैठक कर दिये आवश्यक निर्देश

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** कलेक्टर श्री राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में स्वस्थ नारी सशक्त नारी अभियान के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने मुख्य रूप से 17 सितम्बर को आयोजित रक्तदान शिविर के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक गहलोत, सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा सहित सभी शासकीय व अशासकीय संस्थाओं के लोग उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि 17 सितम्बर को सेवा पखवाड़ा अंतर्गत



जिले में 13 स्थानों पर वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें शहरी क्षेत्र में सेंट एलॉयसिस कॉलेज सदर, आईटीआई कटंगी रोड के पास श्रीराम कॉलेज, मेडिकल कॉलेज के पास ज्ञानज्ञंगा कॉलेज, सिविल लाईन स्थित महाकौशल कॉलेज, सिविक सेंटर स्थित गुजराती मंडल और सेठ गोविंदास जिला चिकित्सालय (विक्टोरिया हॉस्पिटल) तथा पाटन, सिहोरा, पनागर, शहपुरा, बरगी, कुंडम व मझौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में रक्तदान शिविर के साथ स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किये जायेंगे। बैठक में सभी केन्द्रों में रक्तदान कार्यक्रम को संपन्न कराने के लिए टीम का गठन भी किया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं के लिए बैठक इत्यादि की समुचित व्यवस्था हो, इसके लिए सभी एसडीएम पहले से ही स्थल निरीक्षण कर लें और स्थानीय अमला भी इसमें सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करे। रक्तदान शिविर के साथ-साथ स्वास्थ्य के शिविर भी आयोजित किये जायेंगे, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ एवं पोषण से जुड़ी समस्याओं को पहचान कर उन्हें समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, किशोरियों में पोषण एवं एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना, गैर संचारी रोग जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, एनीमिया एवं सिकल सेल रोग तथा संचारी रोग, क्षय रोग, कुष्ठ रोग की स्क्रीनिंग, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। कलेक्टर श्री सिंह ने अलग से बैठक कर सभी अधिकारियों को भी सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार को सफल बनाने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिये।

## बेटा ही निकला पिता का हत्यारा, काम पर जाने के लिए कहा तो कर दी हत्या



**जबलपुर/प्रतिनिधि।** एमपी के जबलपुर स्थित मदर टेरेसा नगर में प्रवचनकर्ता अजीत सिंह उम्र 82 वर्ष की हत्या किसी और ने नहीं उनके बेटे अमरजीत सिंह ने की है। पिता अजीत सिंह द्वारा बेटे को समझाइश देने पर अमरजीत सिंह ने वारदात को अंजाम दिया है। थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि जांच में सामने आया है कि घटना के दिन पिता ने बेटे अमरजीत को कामकाज करने और जिम्मेदारी निभाने की नसीहत दी थी। इसी बात से नाराज होकर अमरजीत ने पहले हथौड़े से पिता के सिर पर वार किया। उसके बाद धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी ने शव को कमरे में छोड़ दिया और फरार हो गया। हत्या के बाद अमरजीत शहर से बाहर भागने की फिराक में था। वह जबलपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा, जहां पुलिस ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा और चाकू भी बरामद कर लिया है। मृतक अजीत सिंह लंबे समय से सिख संगत में प्रवचन देकर समाज को धार्मिक मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते रहे। उनकी हत्या से श्रद्धालुओं और समाज में गहरा आक्रोश और शोक का माहौल है। हत्या के आरोपी बेटे को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी माढोताल नीलेश दोहरे,एस आई नीलेश पोरते,एएसआई गणपत, एएसआई विजय शुक्ला, आरक्षक सचिन मेहरा,आरक्षक पुष्पराज जाट, आरक्षक निकेश की सराहनीय भूमिका रही।

## घनी आबादी और ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण मार्ग मे अतिक्रमण के कारण लग रहा है समय



**जबलपुर/प्रतिनिधि।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा शहर की विद्युत व्यवस्था को मजबूत और विश्वसनीय बनाने 132 के व्ही नयागाँवङ्क व्हीकल फैक्ट्री -विनोबा भावे लाइन को डबल सर्किट में बदला जा रहा है। इसके लिए नए ट्रांसमिशन टावर लगाए जा रहे हैं और करीब पाँच किलोमीटर नई 132 के व्ही ट्रांसमिशन लाइन खींची जा रही है। एम पी ट्रांसको के मुख्य अभियंता राजेश द्विवेदी ने बताया कि यह महत्वपूर्ण कार्य चांदमारी, आधारताल औद्योगिक क्षेत्र, कंचनपुर, हनुमान टेकरी आदि क्षेत्रों मे जारी है। यह क्षेत्र घनी आबादी वाला है और लाइन के मार्ग में अनेक अतिक्रमण हैं. जिसके कारण सुरक्षा और सतर्कता नियमों का पालन करते हुए कार्य करना कठिन और बेहद चुनौती पूर्ण है, इसके बावजूद इसके एक सप्ताह में पूरा होने की संभावना है। श्री द्विवेदी ने बताया कि एम पी ट्रांसको की टीमें अलग अलग लोकेशन पर युद्ध स्तर पर कार्य कर रहीं हैं ताकि कार्य निर्धारित अवधि मे पूरा किया जा सके.

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक प्रदेश में चलाया जायेगा सेवा पखवाड़ा अभियान.

### ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में होगा स्वास्थ्य शिविरों, रक्तदान शिविरों का आयोजन.

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में विकास, जनकल्याण और सुराज के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक ÷सेवा पखवाडा अभियान÷ चलाया जायेगा। जन भागीदारी, स्वच्छता, सेवा और जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को व्यापक स्वरूप देने तथा नागरिकों में स्वच्छता, सेवा और सामुदायिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चलाये जाने वाले इस अभियान में आम जन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी तथा ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास÷ तथा ÷वोकल फॉर लोकल÷ की भावना को सशक्त किया जायेगा।

सेवा पखवाड़ा अभियान के प्रभावी, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिये राज्य शासन द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। दिशा-निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि यह अभियान प्रदेश के समस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में संचालित किया जायेगा। जिलों में इस अभियान का नेतृत्व जिला कलेक्टर करेंगे तथा संभागीय आयुक्त संभाग के सभी जिलों के संचालित हो रहे अभियान की मॉनीटिरिंग सुनिश्चित करेगें। इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्र के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं शहरी क्षेत्र के लिए आयुक्त नगरपालिका निगम अथवा जिला मुख्यालय में पदस्थ मुख्य नगरपालिका अधिकारी सेवा पखवाड़ा अभियान के लिए नोडल अधिकारी के रूप में नामांकित किया गया है।

सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर के बीच जिलों में निर्धारित स्वास्थ्य केन्द्रों पर क्रमानुसार रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। सेवा पखवाड़ा अभियान के शुभारंभ पर 17 सितम्बर को आयोजित रक्तदान शिविरों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण होगा। जिले में कार्यरत ब्लड बैंक सोसाइटी, रेड क्रॉस सोसाइटी एवं अन्य प्रमुख गैर सरकारी संगठनों एवं समाज सेवी संस्थाओं की इन शिविरों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी ।

अभियान अवधि के दौरान जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जायेंगे। इन शिविरों में पर्याप्त संख्या में चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टॉफ, मेडिकल जाँच के लिये आवश्यक उपकरणों एवं दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी।

सेवा पखवाड़ा में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक संचालित किया जायेगा। स्वच्छता अभियान ग्राम पंचायत के प्रत्येक ग्राम तथा नगरीय निकाय के प्रत्येक गली, मोहल्ला एवं वार्ड चलाया जायेगा। अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, अस्पतालों सहित सभी शासकीय परिसरों की साफ सफाई सुनिश्चित की जायेगी।

अभियान के दौरान जिलों के समस्त नगरीय निकायों एवं पंचायत स्तर पर ÷एक पेड मां के नाम÷ एवं ÷एक बगिया मां के नाम÷ के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इन कार्यक्रम हेतु पौधों की उपलब्धता वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के द्वारा सुनिश्चित की जायेगी।

### नमो पार्क, नमो उपवन विकसित किये जायेंगे -

सेवा पखवाड़ा अभियान के दौरान समस्त नगरीय निकायों एवं बड़ी ग्राम पंचायतों में नमो पार्क, नमो वन अथवा नमो उपवन विकसित किये जायेंगे। स्थलों का चिन्हाकंन वन विभाग वन क्षेत्र में, नगरीय निकाय नगर क्षेत्र में एवं ग्राम पंचायत ग्रामीण क्षेत्र में सुनिश्चित करेगें। नये पार्क नमो पार्क के नाम से बनाये जायेंगे। ग्राम पंचायतों में नमों उपवन विकसित किया जायेंगे।

### जबलपुर सहित आठ नगरों में होगा नमो मैराथन का आयोजन -

सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत 27 सितम्बर को जबलपुर सहित प्रदेश के आठ नगरों भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, रीवा, रतलाम एवं सागर में ÷आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत÷ की थीम पर नमो मैराथन का आयोजन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्य जिलों में विद्यालय स्तर एवं जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। जन भागीदारी से संपन्न होने वाले इन कार्यक्रमों में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग नोडल विभाग होंगे। सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत 27 एवं 28 सितम्बर को दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर लगाकर उपकरणों का वितरण सुनिश्चित किया जायेगा। अभियान के दौरान जनसामान्य में खादी से निर्मित वस्तुओं एवं वस्त्रों, स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प के क्रय को प्रोत्साहन दिया जायेगा। इसके लिए महिला स्व-सहायता समूहों, स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शिनी एवं मेले आयोजित किये जायेंगे। अभियान के अंतर्गत ÷विकसित भारत÷ थीम पर जिले के समस्त विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में चित्रकला, वाद-विवाद, निबंध प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी आयोजित की जायेंगी।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक अंकित शर्मा, संपादक शीलू शर्मा द्वारा जवाहर नगर गाली नं. 10 सतना से प्रकाशित तथा अंकित शर्मा द्वारा कोरल ऑफसेट सतना द्वारा मुद्रीत करवाकर प्रकाशित।
समस्त न्याय क्षेत्र सतना होगा। Mail id : udghoshsamay@gmail.com Mob. 7987290705